संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 263 शुक्रवार 25 जुलाई 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बिहार चुनाव से पहले वोटर लिस्ट पर घमासान

## राहुल गांधी बोले...हमारे पास 100 प्रतिशत धांधली के सबूत...

**पटना/नई दिल्ली,24 जुलाई 2025(ए)।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति गरमा गई है। चुनाव आयोग द्वारा राज्य में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा के बाद विपक्षी दलों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। विपक्ष का दावा है कि मतदाता सूची में फेरबदल कर चुनाव में धांधली की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर तीखा हमला बोला है।



### तेजस्वी का तंज

राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव बहिष्कार की बात को दोहराते हुए कहा, अगर चुनाव में धांधली ही करनी है, तो फिर बिहार सरकार को वैसे ही एक्सटेंशन दे दीजिए। महागठबंधन के सभी दल चुनाव बहिष्कार के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। तेजस्वी ने यह भी कहा कि एसआईआर के नाम पर वोटर लिस्ट में बदलाव, विशेषकर वोट काटने और विपक्ष को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है।

### राहुल गांधी का बड़ा दावा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पास चुनाव आयोग द्वारा की गई धांधली के ठोस प्रमाण मौजूद हैं। उन्होंने कहा, हमने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की है और वहां वोट चोरी के पुख्ता सबूत मिले हैं। ये 90 प्रतिशत नहीं, बल्कि 100 प्रतिशत प्रमाण हैं, जिन्हें हम मीडिया के सामने पेश करेंगे। राहुल का आरोप है कि देशभर के निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटर जोड़े जा रहे हैं, जिनकी उम्र 45 से 65 वर्ष के बीच है। उन्होंने कहा, हजारों ऐसे फर्जी मतदाता केवल एक ही निर्वाचन क्षेत्र में जोड़े गए हैं। मुझे पूरा यकीन है कि यही खेल पूरे देश में चल रहा है।

### भारत में हो रही है चुनावों की चोरी

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने एक निर्वाचन क्षेत्र के माध्यम से यह समझ लिया है कि देश में वोट की चोरी कैसे हो रही है। उनका दावा है कि चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर रहा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

### सरकार का पलटवार

इस पूरे विवाद पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा, तेजस्वी यादव को अब लगने लगा है कि वे चुनाव हार जाएंगे, इसलिए चुनाव बहिष्कार की बात कर रहे हैं। जब तक नकली वोटर रहेगा, तब तक ही वे जीत सकते हैं, इसलिए अब चुनाव नहीं लड़ना चाहते।

## बिहार से दिल्ली तक एसआईआर पर हंगामा

» मुख्य चुनाव आयुक्त ने विपक्ष से पूछा सवाल...

» क्या मरे हुए लोगों के नाम वोटर लिस्ट में होने चाहिए...

बिहार में चल रहे विशेष गहन संशोधन अभियान को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस प्रक्रिया का पुरजोर बचाव किया है।



उन्होंने सवाल उठाया कि क्या चुनाव आयोग को मरे हुए मतदाताओं, डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र धारकों और विदेशी नागरिकों को वोटर लिस्ट में शामिल करने की अनुमति देनी चाहिए। यह बयान तब आया है जब राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने एसआईआर अभियान के खिलाफ तीखा विरोध जताया है। विपक्षी दलों का दावा है कि एसआईआर की प्रक्रिया से 50 लाख से अधिक मतदाताओं के मताधिकार छिन सकते हैं। बता दें कि गुरुवार को भी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत इंडिया गठबंधन के कई सांसदों ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन के खिलाफ संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।



## भारत को मिलेगा नया उपराष्ट्रपति

### थावरचंद गहलोत और ओम माथुर दौड़ में सबसे आगे,चुनाव की तैयारी शुरू...

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025 (ए)।** देश के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के मात्र तीन दिनों के भीतर निर्वाचन आयोग ने इस संवैधानिक पद के लिए चुनाव प्रक्रिया आरंभ कर दी है। आयोग ने रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति, निर्वाचक मंडल की सूची और चुनाव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि आयोग जल्द ही चुनाव की तिथियां सार्वजनिक करेगा।

### भाजपा अपने समर्पित कार्यकर्ता को बनाएगी उम्मीदवार

भाजपा की रणनीति है कि वह उपराष्ट्रपति पद के लिए ऐसा चेहरा पेश करे जो पार्टी की विचारधारा का पूर्ण प्रतिनिधित्व करता हो। इसके तहत पार्टी अपने ही किसी वरिष्ठ और विश्वस्त नेता को मैदान में उतारना चाहती है, न कि किसी सहयोगी दल को यह पद सौंपने के पक्ष में है। भाजपा की मंशा है कि एनडीए के भीतर सहमति बनाकर अपने उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप दिया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट ने 12 आरोपियों को बरी करने वाले हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई



**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025(ए)।** 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा सभी 12 आरोपियों को बरी करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रोक लगा दी। महाराष्ट्र सरकार और आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसकी सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने की। 11 जुलाई 2006 को मुंबई की उपनगरीय ट्रेनों में सात बम विस्फोट हुए थे, जिनमें 187 लोगों की मौत हुई और 800 से अधिक घायल हुए थे। इस मामले में 2015 में विशेष एमसीओसीए कोर्ट ने 12 आरोपियों को दोषी ठहराया था, जिसमें पांच को मृत्युदंड और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

### अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों पर,ईडी की रेड

**मुंबई,24 जुलाई 2025(ए)।** कारोबारी अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी छापेमारी कर रही है. ये छापेमारी मुंबई में की जा रही है. स्टेट बैंक



ऑफ इंडिया ने हाल ही में अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किया था. इस महीने की शुरुआत में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन के लोन अकाउंट को ईडी से बड़ा झटका मिला था।

### डिप्टी कमिश्नर के घर में बाघ की खाल मिलने से हड़कंप



#### बैठने के रूप में करता था इस्तेमाल

**जबलपुर,24 जुलाई 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के आदिम जाति कल्याण विभाग के डिप्टी कमिश्नर जगदीश सरवटे के घर में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की छापेमारी में बाघ की खाल भी बरामद हुई है। इस मामले में उनकी मां सावित्री सरवटे को गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायतों के बाद ईओडब्ल्यू की टीम ने मंगलवार को उनके जबलपुर व भोपाल स्थित घरों व ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

# कांग्रेस ने तेलंगाना में पेश किया 42 फीसदी ओबीसी आरक्षण का मॉडल

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025(ए)।** तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस नेतृत्व को एक बड़ा सामाजिक न्याय मॉडल दिखाया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को बताया कि कैसे तेलंगाना में ओबीसी को 42 फीसदी आरक्षण देने की तैयारी चल रही है। सीएम रेड्डी के साथ बैठक में डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क, प्रदेश अध्यक्ष बी. महेश कुमार गौड, प्रभारी मीनाक्षी नटराजन और कई मंत्री भी मौजूद थे। रेवंत रेड्डी ने बताया कि तेलंगाना में सरकार ने वैज्ञानिक तरीके से एक सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया है।

बैठक में रेड्डी ने तेलंगाना में किए गए सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार और जातिगत सर्वेक्षण की प्रक्रिया और इसके आधार पर पारित किए गए बिलों के बारे में विस्तार से बताया। इतना ही नहीं, उन्होंने इन बिलों को मंजूरी देने के लिए राहुल गांधी और खरगे से मौजूदा संसद सत्र में केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह भी किया। बताया जाता है कि यह मुलाकात दो घंटे तक चली, जिसमें सर्वे की प्रक्रिया और इसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसी में जिक्र हुआ कि कैसे



कांग्रेस इसे जमीन पर आगे बढ़ाएगी। इतना ही नहीं, आगामी चुनावों में कांग्रेस तेलंगाना में हुए सर्वे के आधार पर ओबीसी को शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय निकाय चुनावों में 42 फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश की गई है। अब यह प्रस्ताव राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। बैठक के बाद खरगे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस का 'सामाजिक न्याय 2.0' अभियान अब तेलंगाना से शुरू हो गया है। एससी, एसटी, ओबीसी और कमजोर वर्गों के हक के लिए हमारी लड़ाई और तेज होगी। उन्होंने यह भी कहाकि देश में ओबीसी की तादाद बहुत ज्यादा है, लेकिन फिर भी उन्हें कॉरपोरेट, न्यायपालिका और नौकरशाही में बहुत कम प्रतिनिधित्व मिलता है।

### यह मॉडल बनेगा कांग्रेस की राष्ट्रीय आरक्षण नीति का आधार?

खरगे ने उदाहरण देते हुए बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी वर्ग के 80 फीसदी प्रोफेसर पद और एसटी के 83 फीसदी पद खाली हैं। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि पूरे देश में जाति आधारित जनगणना कराई जाए और 50 फीसदी आरक्षण की सीमा हटाई जाए,ताकि ओबीसी समुदाय के लोगों को उनका हक मिल सके। तेलंगाना सरकार का यह मॉडल अब कांग्रेस की राष्ट्रीय आरक्षण नीति का आधार बन सकता है। कांग्रेस अब ओबीसी आरक्षण को लेकर बड़ा कदम उठा रही है। तेलंगाना मॉडल को पूरे देश में लागू करने की तैयारी की जा रही है।

# भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



### सख्त लहजे में चेतावनी दी

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025(ए)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों को एक सख्त मैसेज दिया है,जिसमें भारत समेत दूसरे देशों से हायरिंग करने को मना किया है। इसमें गूगल,माईक्रोसॉफ्ट, मेटा जैसे नाम शामिल हैं। बुधवार को वॉशिंगटन में आयोजित एआई समिट के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी टेक कंपनियों को ये संदेश दिया है. साथ ही अमेरिकी टैलेंट को हायरिंग करने की भी सलाह दी है। यहां आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में बहुत से कर्मचारी यहां तक कि सीईओ तक के पोस्ट पर कई भारतीय मूल के लोग पहुंच चुके हैं। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिचाई और माईक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला जैसे नाम शामिल हैं। हाल ही में मेटा ने भी एक बड़ी एआई टीम की हायरिंग की है,जिसमें कई भारतीय नाम शामिल है। डोनाल्ड ट्रंप ने एआई समिट के दौरान के दौरान टेक इंडस्ट्री में ग्लोबल माइंडेस्ट की आलोचना की। उन्होंने आगे कहा कि इस वजह से कई अमेरिकी नागरिक और अमेरिकी टैलेंट को इग्नोर किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया है कि कई टॉप कंपनियां प्रोफिट के लिए अमेरिका की आजादी का फायदा उठा रहे हैं और बाहरी लोगों पर बड़ा इनवेस्ट कर रहे हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि बहुत सी टेक कंपनियां अमेरिकी आजादी की वजह से अपनी फैक्टरी को चीन में लगा रहे हैं और भारत से कर्मचारियों को भर्ती कर रहे हैं,ये सब बातें आप जानते हैं. इन सब के बावजूद वे अपने ही देश के लोगो को नकार रहे हैं और आलोचना तक कर रहे हैं।

# धनखड़ का इस्तीफा नहीं बनेगा रोड़ा



### अमित शाह ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025(ए)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह के साथ हाई लेवल मीटिंग की। सूत्रों ने बताया कि बिरला और हरिवंश ने कार्रवाई पर चर्चा के लिए संसद में बैठक की,जबकि शाह ने बाद में उनसे मुलाकात की।भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष एक वैधानिक समिति का गठन कर सकते हैं। उधर उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। उनके इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति की रेस में कर्पूरी ठाकुर के बेटे राम नाथ ठाकुर सबसे आगे है।

# लगातार चौथे दिन लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

### अनुसूचित जनजाति से जुड़े बिल पर आज भी नहीं हो सकी चर्चा

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025(ए)।** लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को लगातार चौथे दिन नहीं चली। विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा बिहार की वोटर लिस्ट और अन्य मुद्दों को लेकर किए गए हंगामे की वजह से 11 बजे शुरू हुई सदन की कार्यवाही छह मिनट बाद ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित की गई। फिर दो बजे शुरू हुई कार्यवाही छह मिनट बाद अगले दिन यानी शुक्रवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों के सांसदों ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की और तख्तियां लहराईं। जिन पर



एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे। हालांकि, सदन में शोर-शराबे के बीच ही पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने प्रश्नकाल के दौरान कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आसन के समीप शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन चलने देने की अपील की। लेकिन हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। फिर सदन की कार्यवाही दो बजे शुरू होने पर विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने विपक्षी सदस्यों से 'गोवा राज्य विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का समायोजन विधेयक, 2024' पर चर्चा में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अनुसूचित जनजाति (एसटी) के हितों से संबंधित विधेयक है। लेकिन विपक्ष साथ नहीं दे रहा और वे शोरगुल कर रहे थे।

# ईडी ने की दो अस्पतालों की 127 करोड़ की संपत्ति अटैच

**हरियाणा,24 जुलाई 2025(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में हरियाणा के पंचकूला स्थित दो अस्पतालों- एल्केमिस्ट अस्पताल और ओजस अस्पताल-की 127.33 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। इन दोनों अस्पतालों में पूर्व राज्यसभा सांसद कनवर दीप सिंह के बेटे करण दीप सिंह की हिस्सेदारी है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत की गई है.




यह कार्रवाई एल्केमिस्ट ग्रूप, इसके प्रमोटर्स, निदेशकों और संबद्ध कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा है। इस मामले में आरोप है कि कंपनी ने फर्जी कलेक्टिव इनवेस्टमेंट स्कीम और जनता के पैसे का दुरुपयोग करके भारी वित्तीय घोटाला किया। जांच की शुरुआत कोलकाता पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज करके की,जिसे बाद में लखनऊ स्थित सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने अपने हाथ में ले लिया। मामला एल्केमिस्ट टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड,एल्केमिस्ट इंफ्रा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य संबंधित इकाइयों के खिलाफ दर्ज है,जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) लगाई गई है। ईडी के अनुसार, एल्केमिस्ट ग्रूप ने करीब 1,848 करोड़ रुपये गैरकानूनी तरीके से जुटाए। निवेशकों को प्लॉट, फ्लैट या विला देने के नाम पर झूठे वादे किए गए और ऊंचे रिटर्न का लालच दिया गया। एक बार पैसे इकट्ठा करने के बाद उन्हें कई कंपनियों के माध्यम से घुमाकर मनी लॉन्ड्रिंग की गई ताकि पैसों की असली उत्पत्ति को छिपाया जा सके।



# बस खाई में गिरी,7 की मौत, सीएम ने जताया दुःख

**शिमला,24 जुलाई 2025(ए)।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में गुरुवार को एक सड़क हादसा सामने आया है,जहां हिमाचल रोड परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस पहाड़ी से नीचे गिर गई। इस हादसे में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बस में 30 यात्री सवार थे, तभी यात्रियों से भरी बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। घायलों को सरकाघाट कस्बे के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जिनमें से तीन लोगों को बिलासपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में रेफर कर दिया गया है।

# बेंगलुरु एयरपोर्ट के रामेश्वरम कैफे में हंगामा

### ग्राहक को पोंगल में मिला कॉकरोच

**कर्नाटक,24 जुलाई 2025(ए)।** बेंगलुरु के प्रसिद्ध रामेश्वरम कैफे की एक शाखा में उस वक्त हंगामा मच गया, जब एक ग्राहक को उसके खाने में कीड़ा मिला। ग्राहक ने पोंगल खरीदा था,जिसके अंदर से कॉकरोच मिला। यह घटना बेंगलुरु इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर स्थित रामेश्वरम कैफे में हुई।



ग्राहक लोकनाथ ने गुरुवार सुबह कैफे से 300 रुपये का पोंगल खरीदा था। जब वह पोंगल खा रहे थे, तभी उन्हें उसमें एक कॉकरोच दिखाई दिया।

### कैफे स्टाफ ने मानी गलती

लोकनाथ तत्काल इस मामले को रेस्टोरेंट के मैनेजर के पास लेकर गए। कैफे स्टाफ ने अपनी गलती मानते हुए माफी तो मांग ली, लेकिन इस घटना से ग्राहकों में शुद्धता और स्वच्छता को लेकर भारी रोष देखने को मिला। ग्राहकों का कहना है कि इतने महंगे दाम चुकाने के बावजूद इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

## संपादकीय

# फीस में बेजा बढ़ोत्तरी तार्किक नहीं

दिल्ली विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में पढ़ाई महंगी होने जा रही है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस में जल्द ही इजाफा हो सकता है। विश्वविद्यालय ने अपने अंडरग्रेजुएट कोर्सेज की फीस में इजाफा करने का मन बना लिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पांच वर्षीय बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी कोर्स की फीस दो लाख रुपये के पार चली जाएगी। इन दो कोर्सेज की फीस बढ़ा कर दो लाख 8 हजार 550 रुपये की जा सकती है।एमए और पीएचडी कोर्सेज की फ़ीस में भी इजाफा होगा। इसी प्रकार कई अन्य कोर्सेज में भी बढ़ोतरी की जानी है। बेशक,उच्च शिक्षा में इजाफा छात्रों और उनके अभिभावकों पर खासा बोझ बढ़ाने वाला साबित होगा। वैसे ही हमेशा से उच्च शिक्षा का खर्च आम परिवारों की पहुंच से बाहर ही रहा है।इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रबंधन जैसे पाठ्यक्रमों में आम परिवार का छात्र सफल भी रहता है, तो अपनी प्रतिभा के बल पर स्कॉलरशिप आदि पाकर ही सफल हो पाता है। यदि फीस आदि में सहूलियत न मिले तो यकीनन इन पाठ्यक्रमों का शिक्षण व्यय आम परिवार की पहुंच से बाहर है।अब लॉ के अलावा बंगाली जैसी भाषाओं के पाठ्यक्रमों की फीस बढ़ा कर शिक्षा को महंगा करने का फैसला लिया जा चुका है। एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षण खर्च और एक निजी विश्वविद्यालय में होने वाले पढ़ाई पर खर्च में कोई ज्यादा अंतर नहीं रह जाएगा।यह समाज के बड़े तबके के हित पर कुठाराघात ही कहा जाएगा। इस प्रकार से फीस में बढ़ोतरी की तैयारी से लगता है कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण की दिशा में अपने कदम और तेज करने का मन बना लिया है।फीस बढ़ोतरी संबंधी प्रस्ताव को विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने हरी झंडी दे दी है। संभवतः 2025-26 के सत्र से इसे कार्यान्वित भी कर दिया जाए। एक ऐसे देश में जहां बड़ी आबादी जैसे-तैसे मिनिमम स्तर पर गुजारा कर पा रही है, उसके नौनिहालों के आगे बढ़ने की संभावनाओं को कुंद करना उचित नहीं कहा जा सकता।कहना न होगा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने महंगे होते बंदोबस्त के नाम पर अपने फैसले को जस्टिफाई करेगा। लेकिन एक केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा मात्र इस तर्क के सहारे फीस में बेजा बढ़ोतरी को तार्किक नहीं कहा सकता। सभी वगरे के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

# भूखमरी है विकास के विरोधाभासी स्वरूप की भयावह तस्वीर



**ललित गर्ग**
पटपड़गंज,न्यू दिल्ली-92

विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की हालिया रिपोर्ट ने एक बार फिर वैश्विक समुदाय को चेताया है कि धरती पर करोड़ों लोग आज भी भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा के शिकंजे में जकड़े हुए हैं। यह रिपोर्ट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि एक वैश्विक त्रासदी की दास्तान है, जो यह सोचने पर मजबूर करती है कि इक्कीसवीं सदी के इस तथाकथित 'विकसित' दौर में भी हम उस प्राथमिक आवश्यकता-भोजन को सुनिश्चित नहीं कर सके हैं, जो किसी भी आदर्श शासन-व्यवस्था एवं सभ्यता की बुनियादी कसौटी है। एफएओ के अनुसार, दुनिया भर में 70 करोड़ से अधिक लोग गंभीर भूख का शिकार हैं,जबकि करीब 2 अरब लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं। अफ्रीका, दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में हालात और भी बदतर हैं। बच्चों में कुपोषण और स्टंटिंग (विकास अवरोध) की दरें चिंताजनक हैं।

समूची दुनिया में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। बुनियादी ढांचे से लेकर प्रौद्योगिकी के विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई जैसी तकनीक की नई-नई मिसाल कायम की जा रही हैं। किसी अन्य ग्रह पर जीवन की खोज करने या फिर भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने के दावे भी किए जा रहे हैं। मगर, क्या वास्तव में विकास का पैमाना यही है? विकास की इस धारा में इंसान एवं इंसान की मूलभूत जरूरतें कहां है? यह कैसा विकास है कि जिसमें विसंगतियां एवं विरोधाभास ही अधिक है। एक तरफ विभिन्न देश तकनीक के सहारे खुद के ताकतवर एवं साधन संपन्न होने का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी ओर दुनिया में करोड़ों लोग भुखमरी, बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। बढ़ती भूखमरी एवं कुपोषण आधुनिक विकास पर एक बदनुमा दाग है। इस वैश्विक संकट की जड़ में केवल खाद्यान्न की कमी नहीं, बल्कि युद्ध, आंतरिक संघर्ष, आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता जैसी स्थितियां गहराई से जिम्मेदार हैं। यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते गेहूं, तेल,उर्वरक और अन्य खाद्य सामग्री की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है। अफगानिस्तान, सीरिया, सूडान, यमन और सोमालिया जैसे देशों में वर्षों से चल रहे युद्धों ने लाखों लोगों को बेघर, बेरोजगार और भूखा बना दिया है। अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में आंतरिक संघर्ष और जलवायु आपदाएं खाद्य संकट को और विकराल बना रही हैं। भुखमरी के वैसे तो कई कारण हो सकते हैं,लेकिन दो देशों के बीच युद्ध और आंतरिक संघर्ष प्रमुख है। इन दो कारणों से ही बीस देशों में करीब 14 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। जाहिर है, लगातार जारी युद्धों, अंतरराष्ट्रीय संघर्षों एवं आतंकवाद की वजह से हालात और ज्यादा बदतर हो रहे हैं।



युद्ध प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत के तौर पर खाद्य सामग्री पहुंचाने में भी तरह-तरह की अड़चनों की खबरें भी आती रहती हैं। इस तरह के प्रयास वास्तव में मानवीय संवेदनाओं के दम तोड़ देने द्योतक हैं।

जलवायु परिवर्तन,बाढ़,सूखा, चक्रवात और असामयिक वर्षा जैसे कारक कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रहे हैं। भारत,नेपाल, पाकिस्तान, जैसे देशों के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मानसून के दौरान होने वाली आपदाएं किसानों की मेहनत को तबाह कर देती हैं। इससे खाद्यान्न उत्पादन घटता है,महंगाई बढ़ती है और आम आदमी की थाली सूखने लगती है। संसाधनों के अभाव और संकटग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की डगर जटिल से जटिलतर हो गई है। रपट में सामने आया है कि 2024 में लगातार छठे वर्ष दुनिया में गंभीर खाद्य संकट और बच्चों में कुपोषण बढ़ा है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष 53 देशों या क्षेत्रों के 29.5 करोड़ लोग गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे थे। यह आंकड़ा वर्ष 2023 के मुकाबले 1.37 करोड़ अधिक है। यानी सुधार के बजाय स्थिति पहले से कहीं अधिक खराब हो गई है।

आधुनिक विकास के प्रारूप पर चिन्तन करना होगा। यह विचारणीय प्रश्न है कि विकास के इस प्रारूप में बड़े-बड़े मॉल बन रहे हैं, शहरों में चमचमाती इमारतें खड़ी हो रही हैं, तकनीक और एआई की बात हो रही है, लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में लोग दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भुखमरी बढ़ रही है, कुपोषण आम होता जा रहा है, बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई ने गरीब की थाली से दाल-सब्जी गायब कर दी है। विकास का यह विरोधाभासी चेहरा दिखाता है कि संसाधनों का वितरण असमान है और नीतियां गरीबों की भूख मिटाने की बजाय अमीरों की संपत्ति बढ़ाने में लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजीएस) में 2030 तक 'भूखमुक्त विश्व' का सपना देखा गया था, लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि हम इस लक्ष्य से दूर होते जा रहे हैं। गरीब देशों को खाद्य सहायता की आवश्यकता है,लेकिन विकसित राष्ट्र अपने राजनीतिक एवं आर्थिक स्वार्थों में उलझे हुए हैं। कृषि को प्राथमिकता देने के बजाय,हम स्मार्ट सिटी,हाईवे और बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट में संसाधन झोंक रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी से उपजी विकट आर्थिक स्थितियां भी भुखमरी के लिए जिम्मेदार हैं। रपट में कहा गया है कि इन दोनों कारणों से पंद्रह देशों में 5.94 करोड़ लोगों का जीवन संकट में है। इसके अलावा, सूखा और बाढ़ ने 18 देशों में 9.6 करोड़ लोगों को खाद्य संकट में धकेल दिया है। अधिक चिन्ताजनक यह है कि इन लोगों को खाद्य एवं पोषण सहायता के लिए मिलने वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मदद में भी भारी गिरावट आई है। ऐसा लगता है कि वैश्विक मदद और राजनीतिक इच्छाशक्ति की सांसें धीरे-धीरे उखड़ रही हैं। ऐसे में जबरन विस्थापन भुखमरी के संकट को और बढ़ा रहा है। इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। इन प्रयत्नों में सबसे जरूरी है कि स्थायी कृषि नीति बनानी होगी जिसमें जल संरक्षण,जैविक खेती और छोटे किसानों की सुरक्षा पर बल दिया जाए। युद्ध और संघर्षों का समाधान कूटनीति और संवाद से निकाला जाए, क्योंकि सबसे बड़ी कीमत आम जनता चुकाती है। भोजन के अधिकार को मौलिक अधिकार की तरह लागू किया जाए, और सभी देश एक वैश्विक खाद्य भंडारण व वितरण प्रणाली विकसित करें। गरीबी उन्मूलन पर ठोस योजनाएं बने,ताकि लोग आत्मनिर्भर बनें और भीख या राहत पर निर्भर न रहें। महंगाई पर नियंत्रण,और गरीबों को सब्सिडी आधारित खाद्यान्न व्यवस्था को और मजबूत करना होगा।

एफएओ की रिपोर्ट में एक और भयावह तस्वीर सामने आती है कि दुनिया भर में उनतीस करोड़ से अधिक लोग ऐसे हालात में जी रहे हैं, जहां उनके लिए एक वक्त का भोजन जुटा पाना भी मुश्किल है। साफ है कि समाज का सबसे कमजोर तबका आज भी संघर्ष, महंगाई,प्राकृतिक आपदा और जबरन विस्थापन जैसी समस्याओं के चक्रव्यूह में कैद है। यदि हमने समय रहते भूख,गरीबी और खाद्य असुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी,तो हम विकास के उस नक्शे पर एक गहरा धब्बा छोड़ेंगे,जिसमें ऊंची इमारतें तो होंगी लेकिन उनके नीचे भूख से दम तोड़ते इंसान भी होंगे। 'एक रोटी की कीमत तब समझ आती है, जब भूख कई रातों से जाग रही हो'इसलिये अब समय है कि हम विकास के मायने बदलें ताकि हर थाली में भोजन हो, हर बच्चा कुपोषण से मुक्त हो, और भूख इतिहास की बात बन जाए,वर्तमान की नहीं। विकास की इक्कीसवीं सदी में भी अगर भुखमरी, कुपोषण एवं खाद्य संकट की समस्या विकराल होती जा रही है, तो यह व्यवस्था के साथ-साथ मानवता के लिए भी खतरे की घंटी है। इस समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि संकटग्रस्त इलाकों में स्थानीय खाद्य प्रणालियों और पोषण सेवाओं में निवेश पर जोर दिया जाए। समय आ गया है कि विभिन्न देशों की सरकारें जनकल्याण की योजनाओं की व्यापक समीक्षा करें और भुखमरी को दूर करने के लिए उचित एवं प्रभावी उपाय किए जाएं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# स्टेट कैपिटल रीजनःछत्तीसगढ़ का बनेगा नया ग्रोथ इंजन

राजधानी रायपुर और उसके आस-पास का एरिया,स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के रूप में विकसित होने जा रहा है। यह क्षेत्र छत्तीसगढ़ का नया ग्रोथ ईंजन बनेगा। विधानसभा में इस संबंध में विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही स्टेट कैपिटल रीजन ने रफ्तार पकड़ ली है। राजधानी रायपुर सहित दुर्ग-भिलाई और नवा रायपुर अटल नगर के क्षेत्र कैपिटल रीजन में शामिल किया गया है। यह पूरा क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर विकसित होगा। भौगोलिक दृष्टि से छत्तीसगढ़ देश के केन्द्र में स्थित होने के साथ-साथ व्यापार,वाणिज्य और उद्योग के प्रमुख केन्द्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की यह पहल पर स्टेट कैपिटल रीजन में योजनाबद्ध और शहरी विकास की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए, स्टेट कैपिटल रीजन को विकसित करने की योजना बनाई गई है। इससे राजधानी और आसपास के शहरों का प्लान्ड डेव्हलपमेंट होगा। साथ ही शहरी सुविधाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य,व्यापार और वाणिज्य के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण तैयार होगा। इस क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी सुविधाएं बढ़ेंगी। स्टेट कैपिटल रीजन में शामिल शहरों में वर्ष 2031 तक 50 लाख से अधिक की आबादी रहने का अनुमान है। बढ़ते शहरीकरण और आबादी के दबाव को कम करने तथा बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यहां राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन करने का प्रावधान रखा गया है। यह प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण आदि के अनुरूप होगा। राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। इसके साथ ही आवास एवं पर्यावरण, नगरीय प्रशासन एवं विकास,लोक निर्माण विभाग के मंत्री, राज्य के मुख्य सचिव सहित विभिन्न विभागों के सचिव, राज्य शासन द्वारा नामित सदस्यों में राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करने वाले चार विधायक, स्थानीय प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करने वाले चार निर्वाचित सदस्य होंगे।

**-जी.एस. केशरवानी,सुनील त्रिपाठी-**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से परे



**विजय गर्ग**
चांद मलोट
पंजाब

बियॉन्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अवधारणा सट्टा भविष्य की प्रौद्योगिकियों और सामाजिक पारियों में तल्लीन हो जाती है जो एक बार एआई के रूप में उभर सकती है, जैसा कि हम वर्तमान में इसे समझते हैं, अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचता है या और भी अधिक उन्नत प्रतिमानों से पार हो जाता है। जबकि एआई स्वयं अभी भी तेजी से विकसित हो रहा है, मल्टीमॉडल एआई और एगेंटिक सिस्टम जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति के साथ,एआई से परे के बारे में चर्चा इस तकनीकी सीमा के सबसे दूर के अंत में क्या है।

### यहाँ कुछ प्रमुख अवधारणाएँ और अटकलों के क्षेत्र हैं...

### 1.सुपरइंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजिकल विलक्षणता

**सुपरइंटेलिजेंसः**-यह एक काल्पनिक बुद्धिमत्ता को संदर्भित करता है जो लगभग सभी संज्ञानात्मक डोमेन में प्रतिभाशाली मानव दिमागों से बहुत बेहतर है। इसे अक्सर विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है।

**स्पीड सुपरइंटेलिजेंसः**- एक एआई जो मनुष्यों की तुलना में बहुत तेजी से सोच सकता है।

**सामूहिक सुपरइंटेलिजेंसः**- मानव स्तर के एआई का एक विशाल नेटवर्क एक साथ काम कर रहा है।

**गुणवत्ता सुपरइंटेलिजेंसः**-एक एआई जो समान गति से भी मनुष्यों की तुलना में गुणात्मक रूप से अधिक बुद्धिमान है।

**तकनीकी विलक्षणताः**-यह एक काल्पनिक भविष्य बिंदु है जहां तकनीकी विकास बेकाबू और अपरिवर्तनीय हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप मानव सभ्यता में अप्रत्याशित परिवर्तन होते हैं। एक सुपरइंटेलिजेंस को अक्सर इस तरह की विलक्षणता के लिए एक संभावित उत्प्रेरक के रूप में देखा जाता है,क्योंकि यह तेजी से खुद को बेहतर बना सकता है और इससे भी अधिक उन्नत प्रौद्योगिकियों को विकसित कर सकता है, जिससे खुफिया विस्फोट हो सकता है।

### 2. पोस्ट-एआई मानव-कंप्यूटर एकीकरण

**ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई):-** एआई से परे बस एक उपकरण होने के नाते,भविष्य में कंप्यूटर सिस्टम के साथ मानव दिमाग के अधिक प्रत्यक्ष और निर्बाध एकीकरण शामिल हो सकते हैं। इससे यह हो सकता है।



**संवर्धित मानव खुफियाः**-एआई सिस्टम के सीधे कनेक्शन के माध्यम से मानव संज्ञानात्मक क्षमताओं (स्मृति,प्रसंस्करण गति, सीखने) को बढ़ाना।

**माइंड अपलोडिंग / चेतना संरक्षणः**- मानव चेतना को डिजिटल या कृत्रिम सब्सट्रेट पर स्थानांतरित करने का अत्यधिक सट्टा विचार,संभावित रूप से डिजिटल अमरता का एक रूप प्राप्त करना।

**ट्रांसह्यूमनवादः**- एक दार्शनिक और बौद्धिक आंदोलन जो एआई, आनुवंशिक इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी सहित प्रौद्योगिकी के माध्यम से मानव स्थिति को बढ़ाने की वकालत करता है। एआई से परे अक्सर जैविक सीमाओं को पार करने के ट्रांसह्यूमनिस्ट आदर्शों के साथ संरेखित करता है।

### 3 खुफिया और कम्प्यूटिंग के नए प्रतिमान

**क्वांटम-एन्हांस्ड एआईः**-एआई के साथ क्वांटम कंप्यूटिंग के एकीकरण से पारंपरिक कंप्यूटिंग के साथ वर्तमान में संभव से परे परिमाण के प्रदर्शन लाभ के आदेश हो सकते हैं। यह उन क्षमताओं को अनलॉक कर सकता है जो वर्तमान में अकल्पनीय हैं।

**इंटेलिजेंस के नए रूपः**-एक संभावना है कि एआई से परे में बुद्धि के पूरी तरह से नए रूपों की खोज या निर्माण शामिल हो सकता है जो मानव अनुभूति की नकल नहीं करते हैं। यह जटिल, इंटरकनेक्टेड सिस्टम से विदेशी बुद्धिमत्ता या आकस्मिक गुण हो सकते हैं।

**सचेत एआईः**-वर्तमान में दर्शन और विज्ञान कथा के दायरे में, वास्तव में सचेत या संवेदनशील एआई का विकास मानवता के साथ उनके अधिकारों, उद्देश्य और संबंधों के बारे में गहन नैतिक और अस्तित्वगत प्रश्न उठाता है।

### 4 सामाजिक और नैतिक निहितार्थ

**एथिकल एआई और संरेखणः**-जैसा कि एआई अधिक शक्तिशाली हो जाता है, नैतिक विकास पर ध्यान केंद्रित करता है और एआई को मानवीय मूल्यों के साथ संरेखित करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। परे एआई जिम्मेदार नवाचार के लिए मजबूत रूपरेखा की आवश्यकता है।

**कार्य और समाज को फिर से परिभाषित करनाः**-एआई की व्यापक गोद लेने और उन्नति,और बाद में एआई से परे प्रौद्योगिकियों, संभवतः नौकरी के बाजार को फिर से आकार देना जारी रखेगा, नए कौशल की आवश्यकता होगी और संभावित रूप से सार्वभौमिक बुनियादी आय या अन्य सामाजिक पुनर्गठन के लिए अग्रणी होगा।

**मानव उद्देश्य और अर्थः**-एआई के साथ पारंपरिक रूप से मनुष्यों के लिए अद्वितीय माने जाने वाले कई कार्यों को करने में सक्षम,मानव उद्देश्य,रचनात्मकता के बारे में एक गहरी सामाजिक चर्चा होगी, और एआई के बाद की दुनिया में मानव होने का क्या मतलब है।

**वर्तमान राज्य बनाम एआई से परेः**- वर्तमान एआई प्रगति और सट्टा एआई से परे अवधारणाओं के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है। आज, एआई पर केंद्रित है- मल्टीमॉडल एआई- एआई सिस्टम जो कई तौर-तरीकों (पाठ,चित्र,ऑडियो, वीडियो) से जानकारी को संसाधित और समझ सकते हैं।

**एजेंटिक एआईः**-एआई सिस्टम जो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना, कारण और स्वायत्त कार्रवाई कर सकते हैं, अक्सर विभिन्न उपकरणों और वातावरण के साथ बातचीत के माध्यम से।

**छोटे, कुशल मॉडलः**- एआई मॉडल का विकास जो उपभोक्ता उपकरणों पर चल सकता है,लागत को कम कर सकता है और गोपनीयता में सुधार कर सकता है। हालांकि ये महत्वपूर्ण कदम हैं,एआई से परे एक भविष्य की ओर इशारा करता है जहां ये क्षमताएं न केवल उन्नत हैं,बल्कि मौलिक रूप से पूरी तरह से नए तकनीकी प्रतिमानों और बुद्धिमत्ता के रूपों से रूपांतरित या पार हो गई हैं।

# लुच्चा सियार





**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा उत्तरप्रदेश

एक बहुत बड़ा और सुंदर जंगल था। जंगल का राजा शेर बहुत ही समझदार और होशियार था। जंगल में कोई भी समस्या आती, वह किसी न किसी तरह उसका हल निकाल ही लेता। वह जंगल के सभी प्राणियों को खूब खुश रखता था। जगल के सभी प्राणी हिलमिल कर रहते थे। क्योंकि जंगल के राजा शेर को लड़ाई-झगड़ा पसंद नहीं था। अगर किसी में लड़ाई-झगड़ा होता तो वह तुरंत समझौता करा देता था। राजा शेर की जंगल की इतनी अच्छी व्यवस्था लुच्चे सियार को जरा भी पसंद नहीं थी। क्योंकि सियार हमेशा दूसरों के बीच झगड़ा करा कर मनोरंजन करने के साथ अपना काम निकलता था। यही उसका स्वभाव था। वह कोई न कोई ऐसा काम करता था, जिससे जंगल में अव्यवस्था फैल जाती थी। जब वह सफल नहीं हो पाता,निराश हो जाता।

एक दिन सियार जा रहा था तभी रास्ते में रीछ मिल गया। सियार ने पूछा, कैसे हो रीछ भाई? दयालु राजा शेर के राज में सभी मजे में ही होंगे न। रीछ ने कहा।

यह सुन कर सियार ने जीभ के नीचे दांत दबा कर झूठमूठ हंसते हुए कहा, सही बात है रीछ भाई।

सियार ने रीछ को परेशान करने का विचार बना लिया और चुपके से रीछ के घर में घुस कर घर में रखा सारा शहद चुरा लिया। इसके बाद दबे पांव बंदर के घर में घुस कर वह सारा शहद रख दिया और तमाशा देखने के लिए रीछ के घर के सामने बैठ गया। थोड़ी देर बाद शहद ढूंढ़ते हुए रीछ घर के बाहर आया तो सियार ने पूछा, क्या ढूंढ़ रहे हो रीछ भाई? रीछ ने अपना शहद गायब होने की बात की तो सियार ने कहा, वह शहद तुम्हारी थी? मैंने तो अभी थोड़ी देर पहले बंदर को शहद ले जाते हुए देखा था।

रीछ को गुस्सा तो आया, दयालु राजा से इतनी छोटी बात कहने से उन्हें दुख होगा,यह सोच कर वह अपना गुस्सा पी गया। इसके बाद कुछ कहे बगैर अपने घर में चला गया। सियार को झगड़ा करा कर मजा लेना था, पर यहां तो सब शांति से निपट गया।

दूसरी ओर बंदर ने अपने घर में शहद देखा तो वह हैरान रह गया। उसकी समझ में नहीं आया कि उसके घर में शहद कहां से आया। उसने सोचा कि रीछ को शहद बहुत पसंद है। यह शहद उसे दे आऊं। वह रीछ के घर जा कर बोला,रीछ भाई क्या कर रहे हो? यह देखो, तुम्हारे लिए शहद लेकर आया हूं। पता नहीं कौन यह शहद मेरे घर रख गया है? पर शहद आप को बहुत अच्छा लगता है, इसलिए आप के लिए ले आया हूं। बंदर की बात सुन कर रीछ समझ गया कि यह सब सियार की चाल है। परंतु झगड़ा न हो, इसलिए उसने कुछ नहीं कहा। कुछ दिन बीत गए। सियार को यह शांति अच्छी नही लग रही थी। उसने फिर किसी को परेशान करने का विचार किया। इस बार उसने बंदर को परेशान का मन बनाया। उसने देखा कि रीछ बंदर के घर कुछ लेने गया है। वह चुपचाप बंदर के घर के बाहर जा कर खड़ा हो गया और कान लगा कर सुनने लगा कि अंदर दोनों क्या बातें कर रहे हैं। उसने सुना कि दोनों के बीच किसी जादुई पत्थर को लेकर बात हो रही है। उन दोनों की बात सुन कर सियार के कान खड़े हो गए। वह सोचने लगा कि यह जादुई पत्थर क्या है? वह फिर कान लगा कर बातें सुनने लगा। रीछ को दो चमकते पत्थर दे कर बंदर ने कहा, यह लो जादुई पत्थर,पर ध्यान रखना दूसरा कुछ न जल जाए।

उन पत्थरों के बारे में जानने के लिए सियार रीछ के पीछे-पीछे चल पड़ा। उसने देखा कि रीछ उन दोनों पत्थरों को रगड़ कर आग जला रहा है। सियार की समझ में आ गया कि बंदर ने जो जंगल की अच्छी तरह देखभाल की थी, उसके बदले में राजा ने उसे इनाम में दिया था। यह वही जादुई पत्थर है। जिससे आग प्रकट की जा सकती है। जंगल में जिस किसी को आग की जरूरत पड़ती है,यह पत्थर ले जा कर आग जलाता है। बंदर सभी की मदद करता था। कुछ दिनों बाद सियार ने फिर कोई तरकीब सोची। एक दिन बंदर और रीछ के बीच किसी छोटी सी बात को ले कर मनमुटाव हो गया। सियार ने दोनों की बातें सुन ली थीं। इसके बाद सियार दोनों के बीच लड़ाई कराने की योजना बनाने लगा।

एक दिन सियार ने बंदर के घर में घुस कर वह जादुई पत्थर चोरी कर लिया। इसके बाद मौका मिलते ही सियार ने रीछ के घर में आग लगा दी। आग लगा कर सियार ने वह जादुई पत्थर फिर से बंदर के घर में रख दिया। अपने दोस्त का घर अचानक जलता देख कर बंदर पानी लाने के लिए नदी की ओर भागा। रीछ ने उसे भागते देखा तो अपने घर की ओर भागा। घर आ कर देखा तो उसका घर जल रहा था। रीछ को लगा कि यह आग निश्चित बंदर ने ही लगाई है। सभी प्राणियों ने मिल कर रीछ के जल रहे घर पर पानी डाल कर आग बुझाई। इसके बाद रीछ ने सभी का आभार माना। मौका मिलते ही सियार रीछ के कान भरने लगा, तुम्हें पता है,यह किस की कारस्तानी है? मैंने अपनी आंखों से बंदर को आग लगाते देखा है। रीछ गुस्से में लालपीला हो गया। उसने उसी गुस्से में बंदर से कहा, मैं तो तुम्हें अपना सच्चा दोस्त मानता था और तुम ने मेरे ही घर में आग लगा दी? बंदर ने रीछ को समझाने की बहुत कोशिश की, पर रीछ ने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया। दोनों के बीच अनबन हो गई। यह देख कर सियार खुश हो गया। उसकी युक्ति कामयाब हो गई थी। तभी जंगल का राजा शेर वहां आ गया। शेर को देख कर सियार डर गया। उसने वहां से भागने की कोशिश की, पर शेर ने उसे पकड़ कर कहा,कहां भाग रहा है? तू ने जो किया है, मुझे सब पता है। तू ने सोचा था कि क्या तेरे काले कामों का मुझे पता नहीं चलेगा। चल,अब तू खुद ही सब बता दे, वरना...यह कह कर शेर गरजा तो सियार थरथर कांपने लगा। उसने स्वीकार कर लिया कि यह आग उसी ने लगाई थी। सच्चाई जान कर सभी प्राणियों को सियार पर बहुत गुस्सा आया। शेर ने कहा, अपने सस्ते मनोरंजन के लिए किसी का घर जला दिया जाता है क्या? तुम्हारे इस गंभीर अपराध के लिए तुम्हें एक साल की जेल की सजा दी जाती है। रीछ और बंदर ने राजा शेर का आभार माना। उन्होंने पूछा कि उन्हें सियार के दुस्साहस का कैसे पता चला?

शेर ने कहा,मैं जंगल का राजा हूं। तुम सब की रक्षा करना मेरा फर्ज है। मेरे जासूस जंगल के कोनेकोने में हैं। इसलिए मुझे पलपल की जानकारी मिलती रहती है।

इतना कह कर राजा शेर ने रीछ को समझाया,दोस्त पर हमेशा भरोसा रखना चाहिए। कान का कच्चा नहीं होना चाहिए। दूसरों की बातों में आकर दोस्ती नहीं तोड़नी चाहिए।

राजा शेर का आभार मान कर रीछ ने बंदर से माफी मांगते हुए कहा, अब मैं कभी अपने सच्चे दोस्त पर अविश्वास नहीं करूंगा।

इसके बाद दोनों दोस्त मिल कर नया घर बनाने लगे। जंगल के अन्य प्राणियों ने भी रीछ का नया घर बनाने में मदद की। इस तरह जंगल में फिर से सुख और शांति आ गई।

## कविता

### कविता काजिब ...

घटती-घटना



**राजीव डोगरा**
जनयानकड़,कांगड़ा
हिमाचलप्रदेश

कितने मंत्रमुग्ध हो औरों के लिए
अपने लिए थोड़ा होते तो क्या बात थीं।
कितने मंत्रमुग्ध होझूठ अहम के लिए
किसी पर रहम के लिए होता तो क्या बात थीं।
कितने मंत्रमुग्ध होमतलबी हंसी के लिए
मासूम मुस्कराहट के लिए होता तोक्या बात थीं।
कितने मंत्रमुग्ध होदूसरों को नीचा दिखाने के लिए
खुद के व्यक्तित्व कोऊंचा उठाने के लिए होते तो क्या बात थी।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक










# लंबे इंतजार के बाद सट्टा के 2 मास्टरमाइंड सटोरिया चढ़े पुलिस के हत्थे...दीप अभी भी फरार

## ▶▶ दैनिक घटती-घटना के खबर प्रकाशन के 19 दिन बाद सरगुजा के 2 सट्टा किंग पकड़े गए...

## ▶▶ दीप का पकड़ा जाना निहायत जरूरी...दीप तक कैसे नहीं पहुंच पा रही पुलिस?

**क्या दीप तक कोई पुलिसकर्मी ही पहुंच रहा खबर जिस वजह से दीप को पकड़ने में पुलिस हो रही विफल?**

**ऑनलाइन सट्टा का सबसे बड़ा किंग है दीप जिसका फरारी में भी करोड़ की लागत से बन रहा है घर**

**दैनिक घटती घटना इन सटोरियों के पकड़े जाने का कर रहा था इंतजार लगातार खबरें हो रही थी प्रकाशित**

**आरोपियों द्वारा क्रिकेट मैच में लाखों करोड़ों का सट्टा लगाकर सुनियोजित तौर पर अवैध धन अर्जित करने हेतु कारित की जा रही थी घटना...**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के दिशा निर्देशन मे साइबर सेल पुलिस टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले मे की गई सख्त कार्यवाही...**

**आरोपियों द्वारा अपना खाता एवं अपने जानपहचान के लोगो से धोखाधड़ी कर उनका खाता,एटीएम,चेक बुक,मोबाइल नंबर का लेकर अवैध सट्टे के धंधे मे रकम लेन-देन मे करते थे उपयोग...**

**लगभग 60 फर्जी खाता धारको से खाते खुलवाकर किया जा रहा था खाता का संचालन, खातों मे हुआ था करोडो का ट्रांजेक्शन**

**आरोपी अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू के विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है,आरोपी संगठित तौर पर आर्थिक अपराध की घटना लगातार कर रहा था कारित...**

**कार्यवाही के 1 साल बाद पता चला कि सटोरिया दीप और पहलू फर्जी दस्तावेज व्यवस्था करके खुलवाते थे बैंक खाता और उसी से करते थे लेनदेन...**

**हाईकोर्ट ने जुआ फर्जीवाड़े के मामले में दीप की याचिका भी हुई है खारिज...**

-संवाददाता-
अंबिकापुर,24 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

ऑनलाइन सट्टा के कारोबारी दीप और पहलू काफी दिनों से फरार चल रहे थे पुलिस ने पहलू को तो पकड़ लिया है पर दीप अभी भी फरार है पुलिस दीप तक कब पहुंचेगी इसका अभी भी लोगों को इंतजार है,पहलू का करोड़ों का बिल्डिंग भी बन रहा है पर पुलिस दीप तक पहुंचने में अभी तक असफल रही है,सूत्रों का कहना है कि दीप उर्फ आयुष सिन्हा को एक पुलिस का ही कर्मचारी जानकारी देता है जिस वजह से वह पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो रहा है पुलिस को उस कर्मचारी का पता लगाना चाहिए जो दीप को सूचना दे रहा है क्योंकि जब तक पुलिस उसका पता नहीं कर पाएगी तब तक दीप तक पहुंच पाना मुश्किल है ऐसा सूत्रों का दावा है,ऑनलाइन सट्टा के कारोबारी दीप उर्फ आयुष सिंह के विरुद्ध कई अपराध दर्ज है, एक अपराध में वह चेकलिस्ट पर बाहर थे तो वहीं दो अन्य मामले में अभी भी वह फरार चल रहे हैं यह इतने शातिर रहे कि अपने बचने के लिए पुलिस कर्मियों पर भी झूठा आरोप लगाया था और एफआईआर निरस्त करने की याचिका भी कोर्ट में दायर की थी पर यह याचिका भी इनकी खारिज हो गई। सबसे बड़ा सवाल तो यह है की आदतन अपराधी की श्रेणी में शामिल होने वाला दीप कैसे पुलिसकर्मियों पर भी इतने गंभीर आरोप लगा सकता है जो कि इसका कारोबार ही पूरा अवैध है आज इस कारोबार की वजह से पिछ्ले दो सालों से फरार चल रहा है ऐसा सूत्रों का कहना है। थाना कोतवाली अंतर्गत दर्ज प्रकरण के अनुसार दिनांक 13/05/24 कों थाना कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग टीम कों दौरान पेट्रोलिंग जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि तीन सटोरी आयुष सिन्हा उर्फ़ दीप सिन्हा,अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू,शुभम केशरी मिलकर अपने सम्पर्क एवं जानपहचान के लोगो कों स्काईएक्सचेज लिंक भेजकर आईपीएल मैच गुजरात टाइटन्स व कोलकता किंग राइडर्स के चीच चल रहे टी-20 मैच में ऑनलाईन सट्टा खेलने व खेलाने का काम कर रहे है। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए रेड कार्यवाही करने पर तीन संदिग्ध व्यक्ति मोबाइल ऑपरेट करते हुए मिले,पुलिस टीम द्वारा तीनो संदिग्ध से पूछताछ करने पर अपना नाम (01) आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा (02) अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू (03) शुभम केसरी सभी साकिन सत्तीपारा शिव मंदिर के पास अम्बिकापुर का होना बताये, आरोपी अमित मिश्रा ऊर्फ पहलू से जप्त एप्पल मोबाइल फ़ोन आईफोन-15 से वाटसअप ऐप मे किये गए चैट,फोन पे ऐप में लेन देन संबंधि सट्टा खेलने व खेलाने का साक्ष्य प्राप्त हुआ, आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा से सट्टा खेलने व खेलाने वाले लोगों द्वारा दिया गया एटीएम कार्ड,तथा शुभम केशरी से हार जीत का लेखा जोखा रखने से संबंधित सट्टा खेलने व खेलाने वाले लोगों का पासबुक व चेक बुक तथा मोबाइल जिसमें सट्टा खेलने वाले लोगों का फोन पे एप्लीकेशन डाउनलोड कर पैसे की लेन देन रखने हेतु साक्ष्य पाये जाने से तीनों आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 19 मोबाइल नग, 03 नग पासबुक,02 नग चेकबुक, 21 नग एटीएम कार्ड एवं 20100 रुपये नगद व अन्य दस्तावेज बरामद कर मामले मे थाना कोतवाली मे पूर्व मे अपराध क्रमांक 325/24 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7, 8 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण मे आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। प्रकरण में आरोपीगण द्वारा अन्य लोगों का आधार कार्ड लेकर फर्जी तरीके से बैंक एकाउट खोलवाकर उसका उपयोग सट्टा खेलने व खेलवाने में रकम लेन-देन हेतु उपयोग करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 467, 468, 471, 120 बी भा.द.वि. का अपराध घटित किया जाना पाये जाने से उपरोक्त धारा प्रकरण में जोडी गई। मामले मे आरोपीगण ज़मानत पर थे,एवं मामले मे अग्रिम जांच विवेचना की जा रही थी। दौरान जांच विवेचना मामले मे पूर्व मे शामिल आरोपी रितिक मंदिलवार उर्फ़ बमफोड़ साकिन सत्तीपारा अंबिकापुर कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया था एवं मामले मे अग्रिम विवेचना की जा रही थी।

### आरोपियों को पकड़ने में इनका रहा योगदान

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान,प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, आरक्षक अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, रमेश राजवाड़े, शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता, अरविन्द उपाध्याय सक्रिय रहे।

### आरोपियों से जप्त सामान

आरोपी अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू के कब्जे से 01 नग आई फ़ोन सिम लगा हुआ एवं 08 नग मोबाइल, 06 नग डेबिट कार्ड, 02 नग प्लैटिनम कार्ड, 01 नग आधार कार्ड, 01 नग ड्राइविंग लाइसेंस, 01 नग पैन कार्ड जप्त किया गया है, मामले मे शामिल आरोपी ध्रुविल पटेल के कब्जे से 01 नग आई फ़ोन सिम सहित, 03 नग डेबिट कार्ड, 02 नग प्लैटिनम कार्ड, 01 नग क्लासिक कार्ड, 01 नग बिज़नेस कार्ड, 01 नग बैंक खाता 01 चेक बुक कुल चेक 09 नग, 01 नग आधार कार्ड, 01 नग पैन कार्ड, 01 नग ड्राइविंग लाइसेंस जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपियों कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।





### ये दो आरोपी हुए गिरफ्तार

मामले कों संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा साइबर सेल पुलिस टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम कों मामले के आरोपी का पता तलाश कर पकड़कर मामले मे सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था,इसी क्रम मे साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी (01) अमित कुमार मिश्रा उर्फ़ पहलू आत्मज नित्यानंद मिश्रा उम्र 30 वर्ष साकिन सत्तीपारा शिव मंदिर के पास अंबिकापुर (02) ध्रुवील पटेल आत्मज रमेश भाई पटेल उम्र 30 वर्ष साकिन महाराजा गली सिंधी कॉलोनी,थाना अंबिकापुर का होना बताये,आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया।

### अमित कुमार मिश्रा उर्फ पहलु पिता नित्यनंद मिश्रा सा. सत्तीपारा थाना कोतवाली अंबिकापुर के विरुद्ध दर्ज अपराधो की सूची

(01) अपराध क्रमांक 481/15 धारा 147,148,294,506,323 भा.द.वि
(02) अपराध क्रमांक 591/15,341,294,506,323,34 भा.द.वि.
(03) अपराध क्रमांक 73/16,धारा 147, 341, 294, 506,323 भा.द.वि.
(04) अपराध क्रमांक 98/16, धारा 457,380 511 427,34 भा.द.वि.
(05) अपराध क्रमांक 431/16, धारा 294, 506, 323, 325 भा.द.वि.
(06) अपराध क्रमांक 122/17, धारा 294,506,323,34 भा.द.वि. एससी/एसटी एक्ट की धारा 3,1,द,घ
(07) अपराध क्रमांक 384/19, धारा म0प्र0 सट्टा अधिनियम 4 ए
(08) अपराध क्रमांक 652/19, धारा 13 जुआ एक्ट
(09) अपराध क्रमांक 706/19, धारा 294, 506, 323, 34 भा.द.वि.
(10) अपराध क्रमांक 855/21 धारा 294,506,323, 34 भा.द.वि.
(11) अपराध क्रमांक 860/22, धारा 4 सटटा एक्ट
(12) अपराध क्रमांक 325/24 धारा 7,8 छ.ग. जुआ प्रति. अधि.
(13) अपराध क्रमांक 472/25, धारा 318(4), 319(2), 111(2) बी. एन. एस. एवं 66(ग) आईटी एक्ट
(14) थाना गांधीनगर मे दर्ज अपराध क्रमांक 397/25, धारा 317(4), 318(4), 61(2) बी. एन. एस.

### थाना कोतवाली अंतर्गत दर्ज दूसरा प्रकरण

मामले के संबंध में बताया गया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई4सी) द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से प्राप्त सूची अनुसार फर्जी मोबाइल नम्बरो कों जारी करने वाले पॉइंट ऑफ़ सेल्स (पीओएस), म्यूल अकाउंट खाता धारकों के विरुद्ध सखूती से कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध मे पुलिस मुख्यालय रायपुर से दिशा निर्देश प्राप्त हुए है,सूची अनुसार साइबर ठगी मे उपयोग किये गए म्यूल अकाउंट लेयर 01 गगन अग्रवाल साकिन प्रतापपुर रोड मॉडर्न स्टूडियो के सामने जनपदपारा अंबिकापुर के संदिग्ध मोबाइल नंबर के लिंक खाता क्रमांक के विरुद्ध देश के 05 अलग अलग राज्य मे ऑनलाइन शिकायत दर्ज है, प्रथम दृस्टि यह स्पस्ट है कि उपरोक्त खाता क्रमांक मे सुनियोजित तरीके से अवैध धन अर्जित करने के उद्देश्य से बैंक खाते का उपयोग ऑनलाइन साइबर ठगी हेतु सम्बंधित खाता धारक/गिरोह के द्वारा किया गया है, उक्त शिकायत पर कार्यवाही किये जाने पर मामले मे संदिग्ध मोबाईल नंबर की संलिप्तता पाई गई है। जो साइबर ठगी में उपयोग किये गए म्यूल एकाउंट से लिंक पाया गया है,जिसके बैंक खाता धारक गगन अग्रवाल के म्यूल अकाउंट मे 64771/- रुपये प्राप्त होना पाया गया है। उपरोक्त बैंक खाता क्रमांक ऑनलाईन फ्रॉड के शिकायत से संबंधित होने पर मामले मे थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 472/25 धारा 318(4), 319(2),111(2) बी. एन. एस. एवं 66 (ग) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा म्यूल अकाउंट खाता धारक गगन अग्रवाल से मामले मे पूछताछ किया गया जो अपने कथन मे बताया कि अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू निवासी सत्तीपारा के द्वारा ठेकेदारी में मुंशी का काम कराने के नाम पर सीम कार्ड,एटीएम कार्ड,पासबुक चेकबुक मांगकर ले लिया था और उसके द्वारा मुझे न ही मुंशी का काम दिया ना ही सींम कार्ड एटीएम कार्ड पासबुक व चेकबुक को वापस किया गया मांगने पर आज कल करके बहाना बनाया गया है दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा जांच मे पाया गया कि आरोपी अमित मिश्रा ऊर्फ पहलू निवासी सत्तीधारा के द्वारा गगन अग्रवाल से सीम कार्ड, एटीएम कार्ड पासबुक व चेकबुक लेकर उपयोग कर धोखाधड़ी करके इनके खाता का अनाधिकृत रूप से उपयोग कर रकम लेन देन करना पाया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

### थाना गांधीनगर अंतर्गत दर्ज तीसरा प्रकरण

तीसरे प्रकरण के संबंध में बताया गया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई4सी) द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से प्राप्त सूची अनुसार फर्जी मोबाइल नम्बरो कों जारी करने वाले पॉइंट ऑफ़ सेल्स (पीओएस), म्यूल अकाउंट खाता धारकों के विरुद्ध सखूती से कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध मे पुलिस मुख्यालय रायपुर से दिशा निर्देश प्राप्त हुए है,सूची अनुसार साइबर ठगी मे उपयोग किये गए म्यूल अकाउंट लेयर 01 गगन अग्रवाल साकिन प्रतापपुर रोड मॉडर्न स्टूडियो के सामने जनपदपारा अंबिकापुर के संदिग्ध मोबाइल नंबर के लिंक खाता क्रमांक के विरुद्ध देश के 05 अलग अलग राज्य मे ऑनलाइन शिकायत दर्ज है, प्रथम दृस्टि यह स्पस्ट है कि उपरोक्त खाता क्रमांक मे सुनियोजित तरीके से अवैध धन अर्जित करने के उद्देश्य से बैंक खाते का उपयोग ऑनलाइन साइबर ठगी हेतु सम्बंधित खाता धारक/गिरोह के द्वारा किया गया है, उक्त शिकायत पर कार्यवाही किये जाने पर मामले मे संदिग्ध मोबाईल नंबर की संलिप्तता पाई गई है। जो साइबर ठगी में उपयोग किये गए म्यूल एकाउंट से लिंक पाया गया है,जिसके बैंक खाता धारक गगन अग्रवाल के म्यूल अकाउंट मे 64771/- रुपये प्राप्त होना पाया गया है। उपरोक्त बैंक खाता क्रमांक ऑनलाईन फ्रॉड के शिकायत से संबंधित होने पर मामले मे थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 472/25 धारा 318(4), 319(2),111(2) बी. एन. एस. एवं 66 (ग) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा म्यूल अकाउंट खाता धारक गगन अग्रवाल से मामले मे पूछताछ किया गया जो अपने कथन मे बताया कि अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू निवासी सत्तीपारा के द्वारा ठेकेदारी में मुंशी का काम कराने के नाम पर सीम कार्ड,एटीएम कार्ड,पासबुक चेकबुक मांगकर ले लिया था और उसके द्वारा मुझे न ही मुंशी का काम दिया ना ही सींम कार्ड एटीएम कार्ड पासबुक व चेकबुक को वापस किया गया मांगने पर आज कल करके बहाना बनाया गया है दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा जांच मे पाया गया कि आरोपी अमित मिश्रा ऊर्फ पहलू निवासी सत्तीधारा के द्वारा गगन अग्रवाल से सीम कार्ड,एटीएम कार्ड पासबुक व चेकबुक लेकर उपयोग कर धोखाधड़ी करके इनके खाता का अनाधिकृत रूप से उपयोग कर रकम लेन देन करना पाया गया है।

### दीप के विरुद्ध अब तक 8 अपराध दर्ज जिसमें से 5 सट्टा के

दीप के विरुद्ध अब तक कुल 8 मामले दर्ज हैं वहीं इनमें से पांच केवल सट्टे से जुड़े अपराध हैं आदतन सटोरियों में इसकी गिनती आती है क्योंकि पांच मामले सिर्फ सट्टा के इसके ऊपर दर्ज है और यह मामले पिछ्ले 4 सालों में दर्ज हुआ है इससे आप अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सट्टा के कितने बड़े किंग है।

### हाईकोर्ट का फैसला

हाईकोर्ट ने कहा कि एफआईआर में प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध का मामला बन रहा है। एफआईआर के आधार पर आरोपी के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि जांच की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के नीहारिका इंफ्रास्ट्रक्चर केस के आधार पर कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

# राज्य युवा आयोग अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य ने फतेहपुर का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
अंबिकापुर,24 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर एवं उनकी पत्नी,जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक दो की सदस्य पायल सिंह तोमर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र ग्राम फतेहपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शालाओं सहित विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों का निरीक्षण कर सुविधाओं की स्थिति जानी। निरीक्षण की शुरुआत प्राथमिक शाला भवन से की गई,जहां पायल सिंह तोमर ने बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को खाद्य सामग्री भी वितरित की, जिससे बच्चों में उत्साह देखा गया। निरीक्षण के क्रम में दंपती ने फतेहपुर स्थित पीडीएस केंद्र का भी अवलोकन किया और खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। इसके बाद वे माध्यमिक शाला एवं शासकीय हाई स्कूल फतेहपुर पहुंचे,जहां उन्होंने स्कूल प्राचार्य एवं ग्रामवासियों के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत विकास निधि से खेल मैदान का समतलीकरण कराया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए बेहतर सुविधा मिल सके।इस मौके पर ग्रामीण मंडल मंत्री



विजय प्रताप सिंह, पूर्व जनपद सदस्य मटुक दास, फतेहपुर सरपंच सत्येंद्र कुमार, रामप्रकाश कुजूर, हेमंत राजवाड़े उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य सेवाओं की भी ली जानकारी** : तोमर दंपती ने फतेहपुर उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए मौजूदा स्वास्थ्यकर्मियों से बारिश के मौसम में दवाइयों की आपूर्ति एवं मौसमी बीमारियों की स्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीणों को समय पर दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं ताकि जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

**खेल मैदानों के विकास का आश्वासन** : आयोग के अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य ने ग्राम पंचायत सपना के खेल मैदान का भी जायजा लिया। उन्होंने मैदान को समतल कराकर खेल योग्य बनाने का भरोसा दिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी खेल के बेहतर अवसर मिलना चाहिए। निरीक्षण के दौरान तोमर दंपती ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीणों की ओर से व्यक्त की गई छोटी बड़ी किसी भी तरह की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया।

# रूसी प्लेन चीन सीमा के पास क्रैश
# सभी 49 लोगों की हुई मौत

**मास्को,24 जुलाई 2025।** रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे बचावकर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। रॉयटर्स के मुताबिक ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है। लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।



### क्रैश हुआ विमान 63 साल पुराना था

सोवियत संघ ने एन-24 विमान को छोटे इलाकों में उड़ने के लिए बनाया था। तब इसमें 32 सीटें होती थीं, जो 450 किमी प्रति घंटे की गति से 400 किलोमीटर तक उड़ान भरती थी। इसके अलावा यह 4 टन तक का वजन (पेलोड) ले जा सकती थी। इसे ऐसे रनवे से उड़ान भरने लायक भी बनाया गया था जो केवल 1200 मीटर लंबे और पक्के नहीं हों। इतना ही नहीं, अगर विमान का एक इंजन भी खराब हो जाए, तो भी यह टेकऑफ कर सके।

अप्रैल 1962 में इसकी टेस्टिंग कामयाब हुई जिसके बाद अक्टूबर 1962 से इस विमान ने यात्रियों को ले जाना शुरू कर दिया। एन-24 के कुल 1367 विमान बनाए गए। सोवियत संघ में इस विमान का निर्माण 1979 तक जारी रहा, लेकिन इसके बाद भी ये विमान सेवा में बने रहे। आज भी एन-24 का इस्तेमाल कुछ जगहों पर हो रहा है।

**पिछले साल भी अमूर में हवाई हादसा हुआ था :** अमूर इलाके में पिछले साल सितंबर में भी एक हादसा हुआ था। तब 3 लोगों को लेकर उड़ रहा रॉबिन्सन ऋ66 हेलिकॉप्टर उड़ान के दौरान लापता हो गया था। इस हेलिकॉप्टर को उड़ान की अनुमति नहीं मिली थी। इमरजेंसी सिग्नल मिलने के एक दिन बाद टोही दलों ने सुबह जोलोटोया गोरा के पास इसका पता लगा। इसमें एक पायलट समेत तीनों लोग मारे गए थे।

### दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश में गायब

इंटरफैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी वह रडार से गायब हो गया। तास समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किलोमीटर पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया। टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है।

# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भड़का संघर्ष
## हवाई हमलों और गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

**बैंगकॉक,24 जुलाई 2025।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार इस संघर्ष में अब तक 11 नागरिकों की मौत हो चुकी है। थाई सेना के अनुसार, सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई। तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। बीते मई में हुई एक झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले फायरिंग शुरू करने का आरोप लगाया है। थाईलैंड की सेना ने पुष्टि की कि उसने कंबोडिया में स्थित कुछ लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाईलैंड ने प्राचीन प्रेह विहेयर मंदिर के पास सड़क पर बम गिराए। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि कंबोडिया से आई गोलीबारी में एक नागरिक की मौत हुई और एक पांच वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि अब मृतको की संख्या बढ़कर कुल 11 हो गई है।

**प्राचीन मंदिरों के आसपास हुई झड़पें :** गुरुवार सुबह पहली झड़प सुरिन प्रांत और ओडर मींचे प्रांत के बीच ता मुएन थोम मंदिर के पास हुई। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि थाई सेना ने उनके क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग बंकरों में छिपते नजर आए। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने प्रेह विहेयर मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा माना था, लेकिन यह फैसला आज तक थाईलैंड को रास नहीं आया। 2011 में हुए झड़पों में करीब 20 लोग मारे गए थे और हजारों विस्थापित हुए थे।




### राजनयिक संबंधों में गिरावट

गुरुवार सुबह कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सबसे निचले स्तर पर लाने की घोषणा की। उसने थाई राजदूत को निष्कासित किया और अपने सभी स्टाफ को बैंकॉक स्थित दूतावास से वापस बुला लिया। यह कदम थाईलैंड द्वारा अपने पांच सैनिकों के घायल होने के बाद सीमा चौकियों को बंद करने और कंबोडियाई राजदूत को निष्कासित करने के जवाब में उठाया गया।

### बारूदी सुरंगों को लेकर विवाद

थाई अधिकारियों ने हाल में सीमा पर बारूदी सुरंगों से हुए धमाकों को लेकर कंबोडिया पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ये सुरंगें हाल ही में बिछाई गई हैं और रूसी निर्माण की हैं। जबकि कंबोडिया ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि ये पुराने युद्धों की निशानियां हैं। एक धमाके में थाई सैनिक का पैर तक कट गया।

# सीरिया में इदलिब शहर के बारूद डिपो में विस्फोट
## 2 की मौत,71 से ज्यादा घायल



**दमिश्क,24 जुलाई 2025।** सीरिया के उत्तर-पश्चिमी शहर इदलिब में गुरुवार को एक गोला-बारूद डिपो में विस्फोट की वजह से 2 लोग मारे गए हैं, जबकि 71 घायल हुए हैं। पीड़ितों की गिनती अभी भी जारी है। लोकल लोगों ने मीडिया को बताया कि इदलिब के उत्तर में मरात मिसरिन कस्बे में यह धमाका हुआ। इमरजेंसी टीम ने भी इसकी पुष्टि की है। कई लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं, रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी है। अभी तक विस्फोट की वजह का पता नहीं चल सका है। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने अनुमान लगाया है कि यह धमाका इजराइली एयरस्ट्राइक की वजह से हुआ है।

**इदलिब मिलिट्री और व्यापारिक नजरिए से खास है :** इदलिब सीरिया के उत्तर-पश्चिम में है। यह हमा,अलेप्पो और लताकिया राज्य से घिरा है। इदलिब, अलेप्पो और दमिश्क को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित है,जिस वजह से यह मिलिट्री और व्यापारिक नजरिए से खास है। इदलिब में लगभग 45 लाख लोग रहते हैं, जिनमें से 19 लाख रिफ्यूजी कैंप्स में रहते हैं। गृहयुद्ध और 2023 के भूकंप की वजह से इस इलाके में गरीबी और बुनियादी सुविधाओं की कमी है। इदलिब लंबे वक्त से आतंरिक अशांति से जूझ रहा है।

पिछले साल विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम और उसके सहयोगी ने सीरिया की तत्कालीन बशर अल असद की सरकार को हटाकर इस शहर पर कब्जा कर लिया था।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए से श्रम-प्रधान क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी : पीयूष गोयल

**लंदन, 24 जुलाई 2025।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच बहुप्रतिक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से ब्रिटिश बाजार में चमड़ा,विद्युत,मशीनरी और रसायन जैसे कई घरेलू क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी,जिससे करीब 23 अरब डॉलर के अवसर खुलेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और भारत एवं ब्रिटेन के लोगों को ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर करने पर बधाई। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) कहे जाने वाले इस समझौते पर लंदन में प्रधानमंत्री मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष स्टार्मर की मौजूदगी में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने इस डील पर हस्ताक्षर किए हैं। गोयल ने कहा कि इस समझौते से करीब 99 फीसदी भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए करीब 23 अरब डॉलर के अवसरों को खोलती है, जो मावेशी और लैंगिक-समान विकास के एक नए युग का प्रतीक है। कपड़ा,



चमड़ा, जूते,रत्न एवं आभूषण,खिलौने और समुद्री उत्पादों से जुड़े कई सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में कार्यरत कारीगर,बुनकर और दिहाड़ी मजदूर समृद्धि के एक नए दौर में कदम रखेंगे। ग्रामीण करघों से लेकर तकनीकी प्रयोगशालाओं तक, यह मुक्त व्यापार समझौता महिलाओं के लिए वित्त तक बेहतर पहुंच और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहन एकीकरण के जरिए एक ऐतिहासिक छलांग है। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों के लिए एक बड़ी जीत है, क्योंकि यह लगभग 95 फीसदी कृषि उत्पादों पर शुल्क-मुक्त निर्यात सुनिश्चित करता है, जबकि मछुआरों को 99 फीसदी समुद्री निर्यात पर शून्य शुल्क से लाभ होगा,जिससे उनकी इनकम में वृद्धि होगी। इस समझौते का इंजीनियरिंग सामान,इलेक्ट्रॉनिक्स,फार्मा, रसायन,खाद्य प्रसंस्करण और प्लास्टिक जैसे विनिर्माण-प्रधान क्षेत्रों पर भी परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। यह समझौता भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुएं भी उपलब्ध कराएगा। केंदीय मंत्री ने कहा कि भारत की आईटी, सेवाओं और शिक्षा क्षेत्र की प्रतिभाओं को ब्रिटेन के उच्च-मूल्य वाले बाजारों तक आसान पहुंच का लाभ मिलेगा। दोहरे योगदान सम्मेलन के तहत ब्रिटेन में सामाजिक सुरक्षा अंशदान से तीन साल की छूट भारतीय कामगारों और उनके नियोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके साथ ही शेफ, योग प्रशिक्षक,संगीतकार और व्यावसायिक आगंतुक लाभान्वित होंगे,जिससे वैश्विक प्रतिभा केंद्र बनने के हमारे दृष्टिकोण को बल मिलेगा। गोयल ने कहा कि इंडिया-ब्रिटेन एफटीए हमारे स्टार्टअप्स के लिए ब्रिटेन के ग्राहकों,निवेशकों और नवाचार केंद्रों के द्वार खोलेगा,जिससे उन्हें अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। ये समझौता मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल दोनों के लिए फायदेमंद है, रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा,समुदायों को सशक्त बनाएगा और भारत के रणनीतिक व्यापार नेतृत्व को सुदृढ़ करेगा। यह आर्थिक सहयोग के एक नए युग की शुरुआत करता है और हमारे द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को पुनर्जीवित करता है। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के बीच इस समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा क्योंकि कई वस्तुओं पर शुल्क कम कर दिए जाएंगे। मई 2025 में इस समझौते पर दोनों देश के बीच में सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर की उपस्थिति में भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता संपन्न विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर होंगे शामिल



-संवाददाता-

अंबिकापुर,24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन सरगुजा के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत आज दिनांक 23 जुलाई 2025 को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 22 वर्ष से कम एवं 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की पृथक-पृथक श्रेणियों में सेक्टरवार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इलेक्ट्रिकल सेक्टर में 14 प्रतिभागियों ने तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट सेक्टर में 92 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आगामी राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में सरगुजा जिला का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के संचालन की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें अपर कलेक्टर श्री राम सिंह ठाकुर,प्राचार्य पॉलीटेक्निक श्री आर. जे. पांडेय,उप संचालक रोजगार कार्यालय श्री एस. पी. त्रिपाठी,सहायक संचालक श्री ललित कुमार पटेल,प्राचार्य लाइवलीहुड कॉलेज श्री गिरीश गुप्ता,इलेक्ट्रिशियन सेक्टर विशेषज्ञ श्री रोमेश ज्योति,जनरल ड्यूटी असिस्टेंट सेक्टर विशेषज्ञ श्री उत्कर्ष सोनी तथा एपीओ लाइवलीहुड कॉलेज श्री अकरम ख़ान शामिल रहे।

### बाइक की ठोकर से घायल वृद्ध महिला की मौत

-संवाददाता-

अंबिकापुर,24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

बाइक की ठोकर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जशपुर जिला के साझबहार तपकरा की सुशीला बाई पति कलेश्वर नायक 66 वर्ष,21 जुलाई की शाम को रोपा लगाकर पैदल घर लौट रही थी, इसी दौरान ग्राम जामडाढ़ी में एक बाइक सवार लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिसमें वह जख्मी हो गई थी। महिला को कुनकुरी स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था। महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया। यहां 23 जुलाई की रात 9.30 बजे उसकी मौत हो गई।

# तकनीकी कारण से रद्द किए गए 3.34 करोड़ कें टेंडर : महापौर

-संवाददाता-

अंबिकापुर,24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

नगर पालिका निगम अंबिकापुर द्वारा 26 टेंडरों को अचानक रद्द कर दिया गया है। यह टेंडर रद्द करने का निर्णय निविदा तिथि के अंतिम दिन लिया गया,जिससे नगर निगम के इस कदम पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। विपक्षी दल के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने निगम सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं और इसे निगम सरकार की मनमानी तथा शहर की जनता के साथ धोखा बताया है। वहीं, निगम के महापौर मंजूषा भगत और एमआईसी सदस्य व पीडब्ल्यूडी प्रभारी मनीष सिंह ने इस फैसले को लेकर गोलमोल बयान दिए और केवल 'तकनीकी कारण' बताते हुए रद्द किए जाने की बात कही। हालांकि, उन्होंने इस तकनीकी कारण का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दिया, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या वाकई में यह निर्णय पूरी तरह से तकनीकी था या इसके पीछे कुछ और कारण छिपे हुए हैं। नगर निगम अंबिकापुर द्वारा शहर में सड़क, नाली, और अन्य विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ 34 लाख रुपए की निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। इन निविदाओं को लेकर नगर निगम ने 900 निविदा फार्म भी बेचे थे, जिनकी कीमत कुल 6 लाख 81 हजार रुपए थी। निविदा प्राप्ति की तिथि 23 जुलाई थी, जबकि निविदा खुलने की तिथि 25 जुलाई थी। लेकिन अचनाक 23 जुलाई को निगम आयुक्त ने बिना किसी स्पष्ट कारण के इन निविदाओं को निरस्त कर दिया। नगर निगम द्वारा टेंडर रद्द किए जाने के बाद, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की, जिसमें उन्होंने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। शफी अहमद ने इस कदम को निगम सरकार की मनमानी करार दिया और कहा कि यह निर्णय बिना किसी ठोस वजह के लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस टेंडर से भाजपा के किसी नेता को फायदा नहीं हो रहा था, इसलिए इस पर राजनीतिक दबाव डालकर इसे रद्द किया गया। अहमद ने कहा कि शहर की जनता के लिए जो विकास कार्यों की उम्मीद थी, वह अब अधर में लटक गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निविदा को रद्द करने का यह कदम निगम प्रशासन की भ्रष्टाचार और मनमानी को उजागर करता है। उनका मानना था कि यह निर्णय विकास कार्यों में रुकावट डालने के लिए लिया गया है, ताकि किसी खास राजनीतिक दल के उम्मीदवार को लाभ न हो सके।



### महापौर और पीडब्ल्यूडी प्रभारी का बयान

इस मामले पर गुरुवार को निगम के महापौर मंजूषा भगत और पीडब्ल्यूडी प्रभारी मनीष सिंह ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की, जिसमें उन्होंने निविदा रद्द किए जाने के कारण को केवल 'तकनीकी कारण' बताया। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि यह कदम निगम आयुक्त के विशेषाधिकार के तहत लिया गया था। उनके अनुसार,इस निर्णय का आधार तकनीकी प्रक्रिया है,जो पूरी तरह से नियमानुसार था। हालांकि,जब महापौर से इस 'तकनीकी कारण' के बारे में विस्तार से पूछा गया, तो उनका जवाब अस्पष्ट था। वे इसे निगम आयुक्त का अधिकार बताते हुए इस बारे में ज्यादा जानकारी देने से बचते नजर आए। पीडब्ल्यूडी प्रभारी मनीष सिंह ने भी महापौर का समर्थन करते हुए कहा कि यह निर्णय तकनीकी कारणों से लिया गया है, लेकिन उन्होंने भी इस कारण की स्पष्टता देने से इंकार किया।

## घुनघुट्टा नदी में बाइक सवार दो युवक गिरे,एक की मिली लाश मिली

-संवाददाता-

अंबिकापुर,24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

शहर से लगे घुनघुट्टा नदी में बुधवार की शाम बेकाबू बाइक सवार दो युवक सीधे नदी में गिर गए। एक युवक की लाश गुरुवार की दोपहर नदी में मिली,जबकि दूसरे युवक की तलाश जारी है। सूचना मिलते ही दरिमा पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। घटनास्थल से एक जोड़ी जूते और चप्पल भी मिले हैं,जो बाइक सवार युवकों के होने का आशंका है। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त पलगड़ी निवासी हिमांशु (20 वर्ष) के रूप में की। पुलिस के अनुसार,हिमांशु अपने साथी कार्तिकेय के साथ बुधवार शाम पांच बजे घर से कलगसा जाने के लिए बाइक से निकला था। पुलिस ने बताया कि दोनों युवक तेज रफ्तार से घुनघुट्टा नदी के मोड़ पर पहुंचे, जहां वे बाइक को नियंत्रित नहीं कर सके और सीधे नदी में गिर गए। घटनास्थल पर बाइक से झाडियों को हुए नुकसान भी देखा गया।पुलिस ने रेस्क्यू अभियान के लिए घुनघुट्टा डेम के गेट को बंद कर दिया था, ताकि नदी का जल स्तर कम हो सके। नदी लबालब भरी हुई थी, और गेट बंद करने के बाद जल स्तर घटने से रेस्क्यू अभियान में मदद मिली। पुलिस के साथ मृतक के परिजन भी लापता युवक की तलाश में जुटे हैं, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर नाबालिग का अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-

बलरामपुर,24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के थाना कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को झारखंड के डाल्टनगंज से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेजा। जानकारी के अनुसार, बलरामपुर क्षेत्र के एक युवक ने 17 जून 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बहन की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर सार्वजनिक की जा रही हैं। रिपोर्ट दर्ज होते ही थाना बलरामपुर में अपराध क्रमांक 81/2025 के तहत आईटी एक्ट की धारा 66(सी), 67, 67(ए) के तहत अपराध



पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पीड़िता के नाबालिग होने की पुष्टि के बाद प्रकरण में बीएनएस की धारा 74, 75, 76, 79 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 12 को भी जोड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी की पहचान की गई और उसकी लोकेशन का पता लगाया गया। एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी एवं एसडीओपी बलरामपुर याकूब मेनन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलरामपुर निरीक्षक भापेन्द्र साहू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर झारखंड रवाना किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी को डाल्टनगंज से गिरफ्तार कर बलरामपुर लाया। पूछताछ में आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उसे 21 जुलाई 2025 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भापेंद्र साहू,प्रधान आरक्षक शिपक शर्मा, आरक्षक राधेश्याम यादव और साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक हिम्मत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

CMYK

# क्या एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्र में श्रमिकों का श्रमिक संघों से उठ रहा भरोसा?

**क्या श्रमिक नेता श्रमिकों के हित का नहीं रख रहे ध्यान...राजनीति में ही हैं वह व्यस्त?**

**816 श्रमिकों ने किसी भी श्रमिक संघ की नहीं ग्रहण की सदस्यता...किसी भी श्रमिक से नहीं जुड़ने वाले श्रमिकों की संख्या तीसरे नंबर पर**

**बीएमएस जहां बैकुंठपुर एरिया में रही प्रथम तो एचएमएस ने कटकोना सहक्षेत्र में अपने बढ़त अभियान को रखा जारी**

**बीएमएस को मिले 1437 सदस्य तो वहीं एचएमएस 1086 सदस्यों के साथ रही दूसरे स्थान पर,तीसरा स्थान नोटा ने सौटा**

**एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में श्रमिक हितों का ध्यान न रखने की वजह से नोटा आया तीसरे स्थान पर...**

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,24 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



एसईसीएल सरकार के नियंत्रण में संचालित ऐसा उपक्रम जिसके अंतर्गत कोयला खदानों की जिम्मेदारी आती है और उसमें कार्यरत हजारों श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए एसईसीएल अंतर्गत कार्य करने वाले श्रमिकों के संगठन भी हैं जो समय समय पर श्रमिक हितों की रक्षा और श्रमिकों के विभिन्न हितों लाभ की पूर्ति उद्देश्य से गठित हैं जो प्रबंधन और श्रमिकों के बीच संवाद का जरिया बनते हैं और समाधान का मार्ग ढूंढकर किसी तरह भी प्रबंधन और श्रमिक टकराव की स्थिति को दूर करते हैं और जिनके गठन का मुख्य उद्देश्य अंत में श्रमिक हित ही होता है और वह श्रमिकों के लिए ही प्रतिद्धता से कार्य करते हैं। यह एक परम्परा भी चली आ रही है एसईसीएल उपक्रम में और यह एक संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार भी है श्रमिकों का जो उन्हें संगठित होकर संघों के माध्यम से अपने हितों की रक्षा का अधिकार देता है। एसईसीएल में श्रमिक संघों की संख्या यदि देखी जाए तो कई संघ हैं जो श्रमिकों को अपने संघ से जुड़ने प्रेरित करते चले आए हैं और ऐसा तबसे जारी है जबसे एसईसीएल की स्थापना हुई है या कोयला खदानों का संचालन शुरू हुआ है। आरम्भ में या आरम्भ से लगातार कई दशकों तक श्रमिक संघों की स्थिति और श्रमिक संघों पर श्रमिकों का विश्वास बढ़ा हुआ नजर आता रहा था जो आज की स्थिति में कमजोर हुआ है जो श्रमिक संघों की सदस्यता सूची और बनाए गए सदस्यों की संख्या देखकर समझा जा सकता है। जहां पहले या पूर्व में श्रमिक संघों की तरफ स्वयं आकर्षित हुआ करते थे और एक एक श्रमिक कई बार कई संघों की सदस्यता ग्रहण कर लेता था आज या वर्तमान के सदस्यता अभियान की सूची देखी जाए तो यह देखने को मिल रहा है कि श्रमिकों का विश्वास संघों के प्रति कमजोर हुआ है। यह विषय या बातें ऐसे ही नहीं बताई जा रही हैं इसका प्रमाण भी सामने आया है जो बैकुंठपुर एसईसीएल क्षेत्र के श्रमिक संघों की सदस्यता अभियान की सूची देखकर समझा जा सकता है। बैकुंठपुर एसईसीएल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों का इस वर्ष जो सदस्यता अभियान संघों द्वारा

**UNION VERIFCATION 2025 BAIKUNTHPUR AREA ON DATED 19/07/2025 AND 21/07/2025**

| UNIT | BMS | HMS | AITUC | INTUC | NOTA |
|---|---|---|---|---|---|
| CHURCHA RO | 716 | 362 | 362 | 493 | 346 |
| JHILIMILI SUB AREA | 480 | 325 | 137 | 150 | 464 |
| KATKONA | 185 | 369 | 172 | 80 | 05 |
| REGIONAL HOSPITAL | 05 | 17 | 30 | 06 | 01 |
| REGIONAL STORE | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| AREA HEAD QTR | 39 | 13 | 62 | 16 | 0 |
| TOTAL | 1437 | 1086 | 763 | 745 | 816 |

चलाया गया उसमें यह देखने को मिला कि नोटा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बैकुंठपुर एसईसीएल क्षेत्र में कुल चार श्रमिक संघ सदस्यता अभियान के दौरान श्रमिकों के लिए पसंद बतौर सामने थे और एक अन्य विकल्प के तौर पर नोटा भी अभियान में एक चुनाव माध्यम था जिसके तहत श्रमिकों को चारों में से किसी के पसंद न होने की स्थिति में नापसंद का विकल्प दिया गया था, सदस्यता अभियान के दौरान नोटा को तीसरे पायदान पर स्थान मिला जो सभी संघों के लिए विचारणीय और चिंता का विषय होना चाहिए क्योंकि 4847 कुल श्रमिकों जिन्होंने सदस्यता अभियान में चार श्रमिक संघों और एक नोटा स्वरूप में नापसंद के विकल्प में से 816 श्रमिकों ने नोटा के विकल्प का चयन किया जो प्रतिशत में सख्या के कुल का 16 प्रतिशत है,वहीं दो श्रमिक संघ जहां प्रथम और द्वितीय स्थान पर सदस्यता अभियान में प्राप्त कर सकें हैं वहीं दो अन्य को नोटा ने पछाड़ दिया है और वह पंद्रह पंद्रह प्रतिशत सदस्यों के साथ चौथे और पांचवे स्थान पर हैं। कुल मिलाकर नोटा ने श्रमिक संघों के लिए एक चिंता का कारण छोड़ा है जो उन्हें यह सोचने पर मजबूर करेगा कि क्यों आखिर ऐसी स्थिति आई कि 16 प्रतिशत से भी ज्यादा श्रमिकों ने चार में से एक भी श्रमिक संघ को अपने हितों की सुरक्षा के लिए योग्य नहीं माना।पूरे मामले में यदि कोई यह कहे कि यह गलती से हुई कोई घटना है मामला है तो वह भी संख्या और प्रतिशत देखकर खारिज करने वाला मामला होगा क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में गलती की गुंजाइश होना असंभव है। वैसे ऐसी स्थिति के पीछे की वजह क्या श्रमिक संघों से श्रमिकों का उठ रहा भरोसा है?

### क्या श्रमिक संघों के नेतृत्वकर्ता ठेकेदारी या राजनीति में व्यस्त हैं?

क्या श्रामिक संघों के नेतृत्वकर्ता जो ठेकेदारी में या राजनीति में ही व्यस्त हैं कि स्वार्थ परक व्यक्तिगत लाभ उद्देश्य को श्रमिक भांपने लगे हैं इसलिए 16 प्रतिशत से ज्यादा श्रमिकों ने सदस्यता अभियान में तो भाग लिया लेकिन उन्होंने खुद को श्रमिक संघों से जोड़ने की बजाए उनसे दूरी बनाने में विश्वास जताया। कुल मिलाकर देखा जाए तो विषय ऐसा ही की श्रमिक अब संघ के नेताओं की कार्यप्रणाली से अवगत हो चुके हैं और वह जानने लगे हैं कि उनकी संख्या का भय या एक दबाव समूह का भय दबाव समूह के सदस्यों के हित के लिए उपयोग नहीं कर रहे श्रमिक संघ बल्कि वह अपने लिए इस दबाव समूह का उपयोग कर रहे हैं और अपने हित साधने में वह लगे हैं, कोई संघ नेता ठेकेदारी कर रहा है कोई राजनीति में रास्ता ढूंढ रहा है और श्रमिक हित से किसी का कोई सरोकार नहीं रह गया है। वैसे निश्चित ही यह आंकड़ा सदस्यता का यह बतलाता है कि पहले की अपेक्षा अब श्रमिक संघों के प्रति श्रमिकों का विश्वास कमजोर हुआ है जिसका कारण श्रमिक संघों के नेता हैं जिन्हें श्रमिक हित की बजाए स्व हित साधना ज्यादा महत्वपूर्ण लगता है और वह स्व हित उद्देश्य पूर्ति में ही व्यस्त हैं।

### बैकुंठपुर क्षेत्र में बीएमएस प्रथम और एसएमएस द्वितीय स्थान पर है सदस्यता अभियान में...

बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाली कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों,क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अस्पताल और क्षेत्रीय भंडार गृह में कार्यरत श्रमिकों के लिए चलाए गए सदस्यता अभियान में पहला स्थान बीएमएस को मिल सका है वहीं दूसरे स्थान पर एसएमएस है,बीएमएस को कुल 4847 सदस्य जो अभियान में भाग लेने वाले हैं में से 1487 श्रमिकों का समर्थन मिला है जिन्होंने बीएमएस की सदस्यता ग्रहण की है,वहीं एसएमएस को 1086 सदस्य मिल सके हैं। श्रमिकों ने अपनी पसंद अनुसार श्रमिक संघों से जुड़ना स्वीकार किया है और यह पूरी प्रकिया पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई है, बीएमएस और एसएमएस ने कुल में से प्रतिशत अनुसार 50 प्रतिशत से जरा ज्यादा समर्थन श्रमिकों का अपनी तरफ प्राप्त किया है जहां बीएमएस 29 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है वहीं एसएमएस 22 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर।

### नोटा ने तीसरे पायदान पर दर्ज की अपनी उपस्थिति, अन्य दो श्रमिक संघों को नोटा ने पछाड़ा...

सदस्यता अभियान के दौरान नोटा ने चार संघों के मुकाबले में खुद अंतिम विकल्प बतौर अपनी उपस्थिति के दौरान तीसरा स्थान प्राप्त किया है,नोटा ने कुल 816 मत अपने खाते में दर्ज किए और जो कुल का 16 प्रतिशत है लगभग,अन्य दो श्रमिक संघों की स्थिति इतनी खराब रही उनका प्रदर्शन इतना निचले क्रम पर रहा कि नोटा ने ही उन्हें पछाड़ दिया जो उनके अस्तित्व के हिसाब से ही चुनौती वाला मामला बन गया। कुल मिलाकर यदि नोटा की स्थिति और उसके विषय में बात की जाए तो उसने सभी श्रमिक संघों को आयना दिखाने का काम किया उनके लिए एक चिंता का विषय छोड़ा।

### चरचा,झिलमिली सहक्षेत्र सहित हैडक्वाटर में बीएमएस एचएमएस पर रहा भारी,कटकोना में एचएमएस की स्थिति बीएमएस से मजबूत

श्रमिकों के मतदान को और श्रमिक संघों के लिए उनका समर्थन यदि अलग अलग सहक्षेत्र या अन्य एसईसीएल कार्यालय या अस्पताल के हिसाब से देखा जाए जहां श्रमिक कार्यरत हैं तो यह देखने को मिलेगा कि चरचा सहक्षेत्र,झिलमिली सहक्षेत्र सहित हैडक्काटर में बीएमएस ने सबसे अधिक श्रमिकों का समर्थन प्राप्त किया उन्होंने अधिक सदस्य बनाए वहीं कटकोना मात्र में एसएमएस ने बढ़त बनाए रखी अन्य सभी जगह वह पिछड़ी नजर आई। बीएमएस पर कई जगहों के श्रमिकों ने एचएमएस से ज्यादा विश्वास जताया है। असली प्रतियोगिता तीन में नजर आई जिसमें एक नोटा शामिल है।

# अजय कुमार मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी का सम्मान समारोह





-संवाददाता-
खड़गवां,24 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के प्रथम जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा की पदोन्नति सहायक संचालक के पद पर संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग अंबिकापुर में होने के फल स्वरुप दिनांक 19 जुलाई 2025 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खड़गवां में सम्मान समारोह का आयोजन कर विकास खंड खड़गवां शिक्षा विभाग की ओर से सम्मानित किया गया अजय कुमार मिश्रा नवगठित जिला एमसीबी के प्रथम जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे इस सम्मान समारोह में अजय कुमार मिश्रा के द्वारा अपने कार्यकाल 2 वर्षों में शिक्षा संबंधी किए गए विभिन्न कार्यों की चर्चा की गई एवं श्री मिश्रा के द्वारा लगभग 2 वर्षों में नवगठित जिला मनेद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर रहते हुए अधोसंरचना मूलभूत सुविधाओं की चुनौतियों के बीच जिले में शिक्षा गुणवत्ता के लिए किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड खड़गवां के विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार पांडे, खंड स्त्रोत समन्वयक ओम शंकर सिंह, प्राचार्य सेजस चिरमिरी डॉ डी.के. उपाध्याय प्राचार्य बरदर ए.के. नाग प्रभारी प्राचार्य सेजस खड़गवां प्रमोद पांडे प्रभारी प्राचार्य डोमनहिल मिहनाज अंसारी, प्रभारी प्राचार्य हल्दीबाड़ी चंदन दत्त,प्रभारी प्राचार्य ठगगांव नीतू श्रीवास्तव,राकेश सिंह व्याख्याता,अंकुर लाहिड़ी व्याख्याता,प्रदीप तिवारी प्रधान पाठक, जितेंद्र सिंह प्रधान पाठक,मंडल संयोजक सुजीत कुमार साहू, रामखेलावन विश्वकर्मा सहायक शिक्षक एवं विकासखंड के समस्त सीएससी जय राम भगत, विमल सरदार,शंभू सिंह,सुग्रीव साहू, पुष्पराज पटेल,अनोज सिंह,के. एल.रवि, सुधीर कुजूर, रामानुज लाल गुप्ता, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, शिवमंगल सिंह,राम प्रकाश साहू, मुकुंद देव पांडे,लकेश कुमार, प्रवेश कुमार, देव कुमार,संतोष शर्मा,ईश्वर साहू, हरी लाल यादव,पन्नू लाल साहू,मोहनलाल बंजारे, छतलाल प्रजापति,घनश्याम यादव, विजय नेताम,सुनीत जायसवाल,जय प्रताप सिंह, लवकुश मिश्रा,वंश लाल सिंह,ईश्वर तंवर एवं कार्यालयीन स्टाफ में बुधनाथ राम मिंस, संजू,घनश्याम पटेल,प्रीतेश्वर सिंह, ज्योति सिंह, ताराचंद यादव,घनश्याम पाण्डेय, अजय कुमार,राजेंद्र सिंह,सुदेश,प्रमिला,राधा सिंह,संध्या,सदाशिव यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# शासकीय स्कूल का प्राचार्य क्या अपने निजी स्कूल के लिए भी खुलेआम समय देने मुक्त है?

**क्या उसे एकसाथ दो जगहों में एक निजी एक शासकीय दायित्व निर्वहन की आजादी है?**

**उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनई के प्रभारी प्राचार्य एकसाथ निभाते हैं दो जिम्मेदारी,घर का निजी स्कूल और शासकीय स्कूल दोनों के लिए है उनके पास पर्याप्त समय**

**घर के निजी स्कूल के लिए समय देने के दौरान वह शासकीय स्कूल का भी दायित्व निभाते हैं,ऐसे में उन्हें एक दायित्व से मुक्त कर क्यों नहीं विभाग मानसिक दबाव से मुक्ति दे देता है?**



-संवाददाता-
कोरिया,24 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

किसी व्यक्ति के पास एक ही जिम्मेदारी रहे तो वह बेहतर कार्य कर सकेगा और वह अपना अधिकतम उस कार्य के प्रति समर्पण दे सकेगा ऐसा कई मामलों में खासकर कामकाज क्षेत्र में माना जाता है और निजी क्षेत्रों में निजी उपक्रम इसका बेहतर पालन भी करते हैं लेकिन शासकीय क्षेत्रों में ऐसा देखने को मिल रहा है कि एक व्यक्ति एकसाथ दो जिम्मेदारी निभा रहा है जिसमें एक वह घर के एक संस्थान की जिम्मेदारी निभा रहा है दूसरी तरह वह उसी तरह की जिम्मेदारी शासकीय रूप से शासकीय विभाग में निभा रहा है। मामला कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम रनई से जुड़ा हुआ है जहां स्थित एक उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्राचार्य एक तरफ शासकीय स्कूल के लिए काम कर रहे हैं प्रभारी प्राचार्य बनकर और दूसरी तरफ वह निजी अपने ही घर के स्कूल के संचालन के लिए भी समय निकाल रहे हैं और वह कितने तनाव में रहते होंगे इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच समझा जा सकता है,वह कहीं न कहीं एक निजी और एक शासकीय स्कूल की जिम्मेदारी निभाते हुए थकान महसूस करते होंगे यह समझा जा सकता है क्योंकि मामला मानसिक और शारीरिक श्रम से जुड़ा हुआ है। आज जब सरकार शासकीय शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी की बात करने निकली और वह ऐसा बता रही है कि ऐसा हो रहा है ऐसे में एक प्रभारी प्राचार्य का निजी शिक्षण संस्थान के लिए समय देना संचालन करना कितना सही है यह समझा जा सकता है।वैसे प्रभारी प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक स्कूल रनई घर के निजी स्कूल के लिए जब पुस्तकों का उठाव करने संभाग के कार्यालय पहुंचे तब किसी ने उनकी तस्वीर खींच ली और उसे दैनिक घटती घटना को भेजकर यह प्रश्न किया कि एक प्रभारी शासकीय स्कूल का प्राचार्य किस तरह अपने घर के निजी स्कूल के लिए समय निकाल पा रहा है और वह कितना मानसिक रूप से परेशान हो रहा है जिस परेशानी से उसे निजात दिलाए जाने की जरूरत है।

### प्रभारी प्राचार्य पद से हटाए जाने के बाद ही निजी स्कूल संचालन के लिए नहीं मिलेगा समय ऐसा कहना है लोगों का

बताया जाता है कि रनई उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को प्राचार्य प्रभार से हटाए जाने के बाद ही उनके घर के निजी स्कूल संचालन के लिए उनके पास समय का आभाव हो सकेगा और वह पूरा समय शासकीय स्कूल में दे सकेंगे,लोगों का कहना है कि प्रभारी प्राचार्य होने का रौब और विभिन्न कार्यों के बहाने उनको स्कूल से कभी भी जाने की आजादी ही उनकी मनमानी का कारण है और वह एकसाथ दो काम कर रहे हैं,किसी अन्य के प्राचार्य बनाए जाने पर उनका स्कूल समय शासकीय स्कूल के लिए पूरा मिल सकेगा उनके ऊपर एक नियंत्रण होगा ऐसा लोगों का कहना है।

# कोरबा में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में 134 युवाओं का प्राथमिक चयन




-संवाददाता-
कोरबा,24 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में जिला रोजगार कार्यालय, कोरबा द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2025 को एक सफल प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। यह आयोजन युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। प्लेसमेंट कैम्प में कुल 9 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया,जिनके द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों के लिए कुल 218 रिक्तियों हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस कैम्प में कुल 248 युवाओं ने भाग लिया,जिनमें से 134 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान आवेदकों का मूल्यांकन उनकी योग्यता,कार्यकुशलता एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्लेसमेंट कैम्प्स न केवल युवाओं को रोजगार से जोड़ते हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर अवसर भी सुलभ कराते हैं। भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखी जाएगी। कैम्प में सम्मिलित हुए युवाओं ने रोजगार के इस अवसर को सराहा और बताया कि इस प्रकार के शिविर उन्हें न केवल सही मार्गदर्शन देते हैं, बल्कि प्रतिस्पर्धात्मक माहौल भी मिलता है।


# वृद्ध किसान पर जानलेवा हमला

## भाजपा नेता समेत 12 लोगों पर लगा आरोप

### आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करने पीड़ित ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार...

-संवाददाता-
सूरजपुर/भैयाथान, 24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम बड़सरा निवासी 73 वर्षीय वृद्ध किसान छांगुर प्रसाद साहू ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को एक सनसनीखेज शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि गांव के ही दबंग तत्वों ने, जिनमें भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत 12 लोग शामिल हैं, उन पर जानलेवा हमला किया है और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने एसपी से न सिर्फ सुरक्षा की मांग की है बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की भी गुहार लगाई है। जमीन विवाद बना हमले की वजह, हथियारों से किया गया हमला- छांगुर प्रसाद साहू ने बताया कि उनके नाम पर ग्राम बड़सरा स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 1555/1, 1557/2, 1558, 1528/3 एवं 1529 राजस्व अभिलेखों में विधिवत दर्ज है। उन्होंने हाल ही में भूमि का सीमांकन भी कराया था। बावजूद इसके, गांव के ही कुछ दबंग अनावेदकगण इस जमीन को जबरन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। इस क्रम में 10 दिन पहले खेत जोतते समय विवाद हुआ, जिसके बाद 21 जुलाई 2025 को उन पर योजनाबद्ध तरीके से जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित के अनुसार, जब वह खेत में खाद डाल रहे थे, तभी सुनिल साहू (भाजपा मंडल अध्यक्ष) के इशारे पर सुशील साहू, रामप्रसाद साहू, दीपेश साहू, राजकुमार और अन्य लोग लाठी, डंडा और टांगी लेकर पहुंचे। दीपेश ने टांगी से हमला कर पीड़ित के बाएं हाथ की उंगली काट दी, वहीं अन्य लोगों ने लाठियों से पीट-पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित बेहोश होकर गिर पड़े, जिसके बाद परिजनों और नौकरों के चिल्लाने पर हमलावर भाग खड़े हुए।



#### क्या कहती है कानून व्यवस्था?-

वर्तमान प्रकरण केवल एक भूमि विवाद नहीं, बल्कि ग्राम स्तर पर राजनीतिक संरक्षण और भय की संस्कृति को उजागर करता है। जिस प्रकार एक बुजुर्ग किसान को पीट-पीटकर घायल किया गया और फिर उसके खिलाफ ही माहौल बनाने की कोशिशें की जा रही हैं, यह न सिर्फ मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह होगा कि क्या सूरजपुर पुलिस इन गंभीर आरोपों को गंभीरता से लेकर दोषियों पर समय रहते कड़ी कार्रवाई करती है, या फिर यह मामला भी लंबे प्रशासनिक इंतज़ार की भेंट चढ़ जाएगा?

#### एक्स-रे रिपोर्ट आने के बाद धारा जोड़ी-

निरीक्षक नसीम उददीन थाना प्रभारी झिलमिली ने इस मामले में कहां है कि प्रार्थी छांगुर साहू निवासी ग्राम बड़सरा थाना झिलमिली के शिकायत पर अपराध क्रमांक 113/2025 कायम किया गया है एक्स-रे रिपोर्ट आने के बाद प्रकरण में पृथक से धारा जोड़ी जाएगी।

#### छिपकर पहुंचे अस्पताल,तीन जिलों में चला इलाज

छांगुर साहू ने बताया कि हमला इतना खौफनाक था कि उन्हें ड्राइवर के जरिए गुप्त रास्ते से घर लाया गया और फिर गंभीर अवस्था में भैयाथान थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सूरजपुर जिला अस्पताल और फिर बैकुंठपुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां एक्स-रे व इलाज हुआ।

#### भाजपा नेता और गांव के प्रभावशाली लोगों पर संगीन आरोप

आवेदन में भाजपा भैयाथान मंडल अध्यक्ष सुनिल साहू, उनके भाई सुशील साहू, परिवारजन पहलवान साहू,रामहित साहू,अरविंद,रामप्रसाद,बृजेश (नगर सैनिक),दीपेश,सेवक (ग्राम सचिव),चंदर,विजय और राजकुमार (बंधवा मजदूर) पर नामजद आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित ने बताया कि सुनिल साहू भाजपा नेता होने के नाते गांव के लोगों को बरगलाकर उसे और उसके परिवार को लगातार धमकी दिलवा रहा है।

#### ग्राम सचिव पर भी गंभीर आरोप, बंधवा मजदूर से करवा रहे फर्जी रिपोर्ट

पीड़ित ने आरोप लगाया कि ग्राम सचिव सेवक साहू एक ओर सरकारी पद पर रहते हुए हमले में शामिल है,वहीं दूसरी ओर राजकुमार नामक मजदूर, जो पिछ्ले 10 वर्षों से उनके घर में काम करता है,उससे झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दिलवा रहा है।राजकुमार को अनावेदकगण बंधवा मजदूर की तरह प्रयोग कर रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

#### गांव में शाति भंग की आशंका, पीड़ित ने मांगी पुलिस सुरक्षा

छांगुर प्रसाद साहू ने कहा कि अनावेदकगण संगठित रूप से गिरोह की तरह कार्य कर रहे हैं। अब उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान का खतरा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर से निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से अनावेदकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और उन्हें व उनके परिवार को पूर्ण पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

## अधिवक्ता व भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री आशीष सिंह को नवगठित जिला कार्यकारिणी में दिया गया जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है, प्रदेश भाजपा महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा द्वारा हस्ताक्षरित सूची में युवाओं को महत्व दिया गया है। पेसे से अधिवक्ता व भाजपा मनेन्द्रगढ़ के पूर्व मंडल महामंत्री आशीष सिंह को नवगठित जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। आशीष सिंह की गिनती शहर के तेज तर्रार युवा नेता में होती है।उनका न केवल राजनीति क्षेत्र में बल्कि शहर के सामाजिक सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों में भी उनके नेतृत्व क्षमता से सभी लोग वाकिफ है ।आशीष सिंह के जिला उपाध्यक्ष मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने मिल रहा है भाजपा के युवा नेताओं द्वारा नवनियुक्त जिला भाजपा उपाध्यक्ष आशीष सिंह के निवास जाकर उनका सम्मान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह शहर के विभिन्न गतिविधियों में फ्रंट से लीड करते हैं वे क्षेत्र में क्रिकेट स्पर्धा आयोजन से जुड़ी प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष है, उनके नेतृत्व में डेढ़ दशक से सफलतापूर्वक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही वे जिला अधिवक्ता संघ के सचिव पद के दायित्व का भी वर्तमान में निर्वहन कर रहे हैं। वे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मनेन्द्रगढ़ के सचिव भी है। पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोरिया के जिला उपाध्यक्ष, जिला कार्यालय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी बहुत बखूबी से निर्वहन कर चुके हैं। नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश व जिला संगठन के प्रति अपना आधार जताते हुए कहा कि उनके लिए कार्यकर्ताओं का मान सम्मान सर्वोपरी है, सबको साथ लेकर शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम तक पहुंचे उनका यह प्रयास होगा और पार्टी के कार्यक्रमों से लोगों को जोड़कर सब की सहभागिता सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता होगी जिससे एमसी जिला भाजपा संगठन की एक विशेष पहचान स्थापित हो, बहरहाल अधिवक्ता आशीष सिंह के जिला उपाध्यक्ष चयन को भाजपा संगठन का सराहनी निर्णय बताया जा रहा है।

## महापौर संजू देवी राजपूत के मुख्य आतिथ्य में ग्राम दादर में हरेली तिहार धूमधाम से मनाया गया






-संवाददाता-
कोरबा,24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

नगर निगम कोरबा क्षेत्र के रवि शंकर शुक्ला नगर अंतर्गत ग्राम दादर में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पहचान हरेली तिहार का उल्लासपूर्वक आयोजन किया गया। इस लोकपर्व में नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ इस सांस्कृतिक उत्सव में भाग लिया।

हरेली तिहार छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार माना जाता है,जो विशेष रूप से किसानों और ग्रामीण जीवन से जुड़ा हुआ है। इस दिन लोग खेती-बाड़ी के औजारों की पूजा करते हैं,बैलों को स्नान कराकर सजाया जाता है, और गांव-गांव में पारंपरिक खेलकूद जैसे कि गेड़ी दौड़, रस्साकशी, फुगड़ी,कबड्डी और भौंरा प्रतियोगिता आदि सहित अन्य का आयोजन होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर संजू देवी राजपूत ने ग्रामीण संस्कृति को जीवंत बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि हरेली तिहार हमारी संस्कृति और कृषि परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को हमारी समृद्ध विरासत से परिचित कराते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर नृत्य-गान प्रस्तुत किए,नगर निगम की ओर से उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पारंपरिक खेलों के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं ने गेड़ी चढ़ने जैसे पारंपरिक खेलों में भाग लिया और कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'हरेली गीत' की प्रस्तुति रही।इस आयोजन में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी,वार्डवासी, समाजसेवी संगठन और स्कूली बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## हाइवा और विंगर में हुई जबरदस्त टक्कर मे हुए घायलों मे से दो शिक्षकों की मौत

-संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के तानाखार के पास घटित दुर्घटना मे दो की मौत के साथ कई लोग घायल। जानकारी अनुसार हाइवा और टाटा विंगर के बीच जबरदस्त टक्कर होने से कार में सवार10 शिक्षक सहित 2 छात्रों को गंभीर चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की मदद से सभी घायलों को कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया,जहां 2 शिक्षकों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद 7 शिक्षकों को मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर किया गया है वही दो शिक्षक जो गंभीर रूप से घायल थे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया । दुर्घटना में घायल 7 लोगों को कोरबा के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां 30 वर्षीय अंजना शर्मा और 32 वर्षीय मंजू शर्मा नामक शिक्षिका की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। घायल में अन्य तीन लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज कोरबा चिकित्सालय में ही चल रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों की सूची में अभय श्रीवास्तव, देवराज प्रजापति, राहुल तंवर, गायत्री पीवी, दीपंकर दास,शुभ्रा चौबे,रिया सोलंकी, रुचिका चटर्जी,रूपिका शर्मा (बच्ची),निखिल यादव (बालक) आदि सम्मिलित हैं। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है, जिसमें शुरुआती जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार को इस भीषण टक्कर का मुख्य कारण माना जा रहा है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं जमील अख्तर आ0 अजीज अहमद उम्र 41 वर्ष जाति मुसलमान निवासी सोनतराई थाना व तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)। यह कि मेरा नाम और पता उपरोक्तानुसार है जो सत्य एव सही है।

यह कि मेरे पुत्र असद अख्तर उम्र लगभग 10 वर्ष है जो सत्य एवं सही है उक्त नाम मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम अली अरकम दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम असद अख्तर है जो सत्य एवं सही है उक्त नाम से और पुत्र को जाना पहचाना, पढ़ा, सुना व समझा जाये जिस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

शपथकर्ता
जमील अख्तर
निवासी सोनतराई थाना व तहसील सीतापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)।

**नाम सुधार सूचना**

मैं नेहरू राम यादव पिता सेसो राम यादव उम्र लगभग 37 वर्ष जाति महकुल निवासी भाटामुडा तहसील पत्थलगाव जिला जशपुर (छ0ग0) यह कि मेरे मतदाता पहचान पत्र मे मेरा नाम नेहरू राम यादव (NEHARU RAM YADAV ) है। यह कि आ0जा0क0प्रा0शा0 भाटामुडा के दाखिल खारीज नाम में मेरा नाम नेहरू राम (NEHARU RAM ) है। यह कि मेरे आधार कार्ड में समीर यादव (SAMEER YADAV) त्रुटि से दर्ज हो गया है। जो गलत है। नेहरू राम यादव (NEHARU RAM YADAV ) एवं समीर यादव (SAMEER YADAV) एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरा ही नाम है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम समीर यादव (SAMEER YADAV) के स्थान में नेहरू राम यादव (NEHARU RAM YADAV ) लिखा एवं पढ़ा जावे ।

नेहरू राम यादव

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,**

रा0प्र0क्र0.......... अ- 6 /2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका जया गुप्ता पति स्व. दुर्गादास गुप्ता, जाति तेली निवासी देवीगंज रोड, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा तदाशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदिका के पति दुर्गा दास गुप्ता के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला- देवीगंज रोड स्थित नजूल प्लॉट नं. 439 /2, 440/1 रकबा क्रमशः 1794, 750 वर्गफीट भूमि स्थित हैं। आवेदिका के पति दुर्गा दास गुप्ता की मृत्यु दिनांक 08.10.2019 को हो गई है। अतः भूधारक दुर्गा दास गुप्ता की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदिका द्वारा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से मृतक भूधारक दुर्गादास गुप्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु दुर्गा दास गुप्ता के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 08/08/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 11/07/20/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया।

(सील) नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

फार्म ''अ''
(भू-राजस्व संहिता की धारा 178 के अधिनियम 2 देखिए)

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर,जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

चूंकि अशोक मिश्रा आ0 स्व0 चन्द्रपाल जाति ब्राम्हण मौजा जूनापारा पोस्ट व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0) के स्वामित्व की ने उल्लेखित खाते को अपने हिस्से के बंटवारे के लिये आवेदन पेश किया गया है और चूंकि यह प्रस्तावित है कि खाते का बंटवारा कर दिया जाए और निश्चित किया गया है, कि उसकी सुनवाई तहसीलदार न्यायालय में बैकुण्ठपुर पर तारीख 22/08/25 को 11.00 बजे होगी ।

ऐसे सभी व्यक्तियों को जो उक्त खाते में हित रखते इसके द्वारा सूचित किया जाता है, कि वे या तो स्वयं के नाम मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के द्वारा निश्चित तारीख पर उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो बताएं।

ऊपर वर्णित तथा तारीख पर प्रकरण में उपस्थित न होने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न करने की दशा में किसी आपत्ति पर बाद में विचार नहीं किया जावेगा ।

**खाते का विवरण**

| ग्राम का नाम | परिमाप / अंकभू क्रमांक | क्षेत्रफल | भू0रा0 | भूमिस्वामी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| जूनापारा | 26,64,174, 175,189,268, 283 | 2.39 हे0 | | अशोक मिश्रा आ0 स्व0 चन्द्र पाल एवं अन्य 07 एवं अनन्त प्रकाश उपाध्याय आ0 विनोद भूषण उपाध्याय एवं अन्य 17 |

जारी दिनांकः-23/07/2025 (सील)

तहसीलदार
बैकुण्पुर

**न्यायालय, अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0**

(लिंक कोर्ट सीतापुर क्षेत्र)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क0 202411022800006/04/ ब-121/2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बहोरन आ0 लोधी, जाति घासी, निवासी ग्राम कुडकेल, तहसील बतौली, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बतौली, जिला सरगुजा छ0ग0 के रा0प्र0क0 202402021300074 / ब- 121 / 2023-24 पक्षकार बहोरन व अन्य प्रति फुलमेत व अन्य ग्राम कुडकेल तहसील बतौली, में पारित आदेश दिनांक 17.10.2024 क्षुब्ध एवं परिवेदित होकर इस न्यायालय में पुनरीक्षण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें अनावेदक कमांक 01. फुलमेत आ0 सोमार साय उम्र 69 वर्ष, 02. देवाराम आ0 सोमार साय, उर्म 59 वर्ष, 03. ललाराम आ0 घुमेली, 04 रामप्रसाद आ0 लोधी सभी निवासी ग्राम कुडकेल, तहसील बतौली, जिला सरगुजा छ0ग0 05, फुलकुंवर आ0 सोमार साय, उम्र 66 वर्ष, निवासी ग्राम अदरा, थाना व तहसील सूरजपुर छ0ग0 एवं 06. मुन्नी आ0 सोमार साय उर्म 64 वर्ष, निवासी ग्राम भीगराडांड, थाना व तहसील उदयपपुर जिला सरगुजा छ0ग0 को पक्षकार बनाया गया है। जिनकी उक्त पुनरीक्षण प्रकरण में उपस्थिति अनिवार्य है।

उक्त संबंध में समस्त अनावेदकों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की अगामी सुनवाई तिथि दिनांक 01/08/2025 को निर्धारित की गई है।

उक्त निर्धारित तिथि को आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रकरण में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद उक्त प्रकरण में आपकी पक्ष सुनवाई का अवसर समाप्त कर दी जावेगी ।

दिनांक 11/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

(सील)

अपर कलेक्टर
सरगुजा,छ0ग0

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी,जशपुर वनमण्डल,जशपुर**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में उपलब्ध निम्नांकित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें । ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार गम्हरिया से प्राप्त की जा सकती है ।

डिपो का नाम - काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर )
नीलाम दिनांक - 31.07.2025
नीलामी प्रारंभ - प्रातः 09:00 बजे से

| प्रजाति | नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा | | | | | | मिश्रित जलाऊ चट्ठा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नया लाट | | पुराना लाट | | योग | | |
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेंगरी नग | चट्ठा, घ.मी. | बल्ली + डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली + डेंगरी नग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सागौन | 0.000 | 0 | 83.471 | 1422 | 83.471 | 1422 | पुराना |
| साल | 11.958 | 708 | 2319.997 | 7729 | 2331.955 | 8437 | 342 |
| बीजा,शीशम,खम्हार | 0.140 | 0 | 0.700 | 0 | 0.840 | 0 | नया |
| अन्य प्रजाति | 13.961 | 429 | 91.245 | 1430 | 105.206 | 1859 | 0 |
| चिरान काष्ठ | 0.000 | 0 | 3.430 | 0 | 3.430 | 0 | |
| योग | 26.059 | 1137 | 2498.843 | 10581 | 2524.902 | 11718 | 342 |

उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है ।

टीपः-
01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई - कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । 02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लाट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं । 04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा

जी नंबर-252602318/2

वन मण्डलाधिकारी
जशपुर वनमण्डल जशपुर

# सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी का चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन जारी

## क्वॉर्टर फाइनल में पक्की की जगह

**टोकियो,24 जुलाई 2025।** जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष जोड़ी ने चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन दिखाया है। 24 जुलाई को सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी ने डबल्स मुकाबले में इंडोनेशिया की जोड़ी को सीधे सेटों में मात देने के साथ क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया है। इन दोनों ने आठवीं वरीयता प्राप्त लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को 21-19 और 21-19 से मात दी।



### सात्विक और चिराग ने लगातार दोनों सेट में दी कड़ी टक्कर

चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विक और चिराग की जोड़ी को जीत हासिल करने के लिए काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पहले सेट में इंडोनेशिया की जोड़ी ने 8-6 से बढ़त बना ली थी और बाद में जब स्कोर 14-12 पहुंचा तो सात्विक और चिराग ने शानदार वापसी करने के साथ लगातार 5 अंक अपने नाम किए और 19-16 से बढ़त बनाने के साथ बाद में इस सेट को भी जीता। वहीं दूसरे सेट को लेकर बात की जाए तो उसमें भी भारतीय जोड़ी 14-16 से पीछे थी, जिसके बाद स्कोर 18-18 पर बराबर पहुंचा अंत में सात्विक और चिराग ने इस सेट को भी 21-19 से जीतने के साथ अपनी जगह अगले दौर के लिए पक्की कर ली थी।

### एचएस प्रणय को मिली दूसरे दौर मात

एक तरफ जहां सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया है तो वहीं एचएस प्रणय पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर में चीनी ताइपे के खिलाड़ी और छठी वरीयता प्राप्त चोऊ तिएन चेन से हार का सामना करना पड़ा। दोनों के बीच ये मुकाबला लगभग 65 मिनट तक चला जिसमें पहला सेट एचएस प्रणय ने 21-18 से जीतकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन अगले 2 सेट में उन्हें चीनी ताइपे के प्लेयर से 15-21 और 8-21 से हार का सामना करना पड़ा।



## आयुष म्हात्रे ने चकनाचूर किया इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम का 24 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025।** भारतीय अंडर-19 टीम के इंग्लैंड दौरे पर कप्तान आयुष म्हात्रे के बल्ले से यूथ टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में एक बड़ा कारनामा देखने को मिला, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड सीनियर टीम के मौजूदा हेड कोच ब्रैंडन मैकुलम के 24 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। चेम्सफोर्ड के मैदान पर खेले गए भारत और इंग्लैंड अंडर 19 टीम के बीच दूसरे यूथ टेस्ट मैच में टीम इंडिया को मुकाबले की चौथी पारी में जीत हासिल करने के लिए 355 रनों का टारगेट मिला था,जिसके बाद आखिरी दिन का खेल खत्म होने पर टीम इंडिया ने 6 विकेट के नुकसान पर 290 रन बना लिए थे। इस मैच में टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे के बल्ले से दूसरी पारी में सिर्फ 80 गेंदों में 126 रनों की पारी देखने को मिली।

### आयुष ने मैकुलम को छोड़ दिया पीछे

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे यूथ टेस्ट मैच में आयुष म्हात्रे ने जहां पहली पारी में 80 रन बनाए थे तो वहीं दूसरी पारी में वह 126 रनों की पारी खेलने में कामयाब रहे। वहीं आयुष ने इस मैच में कुल 206 रन 170 गेंदों में बनाए। आयुष म्हात्रे ने 121.17 के स्ट्राइक रेट के साथ ये रन बनाए जिसके दम पर वह एक यूथ टेस्ट मैच में 200 प्लस रन सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट के साथ बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। पहले ये रिकॉर्ड ब्रैंडन मैकुलम के नाम पर था जिन्होंने साल 2001 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ यूथ टेस्ट मैच में कुल 232 रन 108.41 के स्ट्राइक रेट के साथ बनाए थे, जिसमें उन्होंने 214 गेंदों का सामना किया था।

### आयुष म्हात्रे का ऐसा रहा इंग्लैंड दौरे पर प्रदर्शन

18 साल के आयुष म्हात्रे का इंग्लैंड दौरे पर प्रदर्शन देखा जाए तो जहां कप्तानी के मामले में वह खुद को साबित करने में कामयाब रहे तो वहीं यूथ टेस्ट सीरीज में वह दोनों टीमों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी थे। आयुष ने चार पारियों में 85 के औसत से कुल 340 रन बनाए जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 103.65 का रहा। वहीं आयुष के बल्ले से 2 शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी भी देखने को मिली। आयुष ने इस टेस्ट सीरीज में कुल 46 चौके और 9 छक्के भी लगाए।

## मिलान ने बारिश में भी स्टेज 17 जीत ली

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025।** जोनाथन मिलान (लिडल-ट्रेक) ने टूर डी फ्रांस के अस्त-व्यस्त चरण 17 में जीत हासिल की, और वैलेंस में बारिश से भीगे फाइनल में जोर्डी मीयस (रेड बुल-बोरा-हंसग्रोहे) को पछाड़ दिया। हरी जर्सी की दौड़ में तादेज पोगाकर (यूएई टीम एमिरेट्स) के मिलान के करीब पहुंचने के साथ, मिलान की टीम यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ थी कि चरण एक बंच स्प्रिंट में समाप्त हो और इतालवी के अंक अधिकतम हों। हालांकि मिलान जैसा नहीं चाहता था, लेकिन एक किलोमीटर दूर होने पर, फ्लेम रूज बैनर के नीचे हुई एक दुर्घटना ने यह कार्य आसान बना दिया। केवल आगे के दस राइडर पूरी तरह से अप्रभावित थे, बाकी के अधिकांश लोग शवों और बाइकों की दीवार से बाधित थे।



## भारतीय शटलरों ने शानदार अंदाज में किया अभियान का आगाज

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025।** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान बुधवार को एकल स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन के साथ मज़बूती से शुरू हुआ। महिला एकल में, वेन्नाला कलागोटला ने लगातार दो जीत से प्रभावित किया - अलीसा कुलेशोवा पर केवल 15 मिनट में 21-6, 21-10 से जीत, और उसके बाद इंडोनेशिया की ऑबेर्टा ज़ुर्लिना को 21-18, 21-16 से हराकर अंतिम 32 में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने यूएई की वैदेही कालिदासन को 21-6, 21-6 से हराया, जबकि तन्वी रेड्डी एंडलुरी ने चोक इयान उंग को 21-9, 21-10 से हराया।



पुरुष एकल में, प्रणौव राम नागालिंगम ने म्यांमार के लाल जुइदिका को 21-15, 21-7 से हराया, अंश नेगी ने डिंग हान जिन को 21-16, 21-15 से हराया और हमार लालथाजुआला और रौनक चौहान ने सीधे गेम में जीत हासिल की। युगल में, कलागोटला/ रेशिका उथयासूरियान ने वियतनाम की गुयेन वु नगोक ट्रान/फाम थी ट्रुक एन को 21-16, 21-14 से हराया, जबकि गायत्री/ मनसा रावत ने एंड्रिया हर्नांडेज़/मैरी उनटल को 21-17, 21-18 से हराया। विष्णु कोडे/कीर्ति मनचला ने मिश्रित युगल में 22-20, 16-21, 21-19 से जीत दर्ज की। इस बीच, रुजुला रामू और सी लालरामसांगा/तारिणी सूरी जल्दी बाहर निकल गए।

## भारत-इंग्लैंड खेलेंगे वनडे और टी20 सीरीज

### अभी अभी जारी हुआ पूरा शेड्यूल

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त इंग्लैंड के दौरे पर है। जहां पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। तीन मैच हो चुके हैं और चौथा मुकाबला इस वक्त मैनचेस्टर में जारी है। इस सीरीज में केवल टेस्ट मुकाबले ही होने हैं, जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होंगे। इस बीच अब दोनों देशों के बीच वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज का भी ऐलान कर दिया गया है। हालांकि ये अभी नहीं है।



### अगले साल के लिए जारी किया गया शेड्यूल

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड यानी ईसीबी की ओर से अगले साल यानी 2026 गर्मी में होने वाले मैचों के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के अलावा भारतीय टीम से भी भिड़ती हुई नजर आएगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज होगी, इसके बाद तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। इसके शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया गया है।

### एक जुलाई से खेली जाएगी पांच टी 20 मैचों की सीरीज

भारतीय क्रिकेट टीम करीब करीब पूरी जुलाई इंग्लैंड में ही रहेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मुकाबला एक जुलाई 2026 को खेला जाएगा। इसके बाद चार, सात और नौ जुलाई को आगे के मुकाबले खेले जाएंगे। टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज का अगला मुकाबला 11 जुलाई को होगा। दो दिन रेस्ट के बाद वनडे सीरीज का आगाज हो जाएगा। सीरीज का पहला मुकाअबला 14 जुलाई को होगा। 16 जुलाई को सीरीज का दूसरा मैच खेला जाएगा। तीसरा और आखिरी वनडे मैच 18 जुलाई को खेला जाएगा। इसके साथ सीरीज का समापन हो जाएगा। सीरीज काफी लंबी होगी, जिसमें कुल मिलाकर आठ मैच खेले जाएंगे।

### अभी खेली जा रही है विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत सीरीज

अभी जो टीम इंडिया इंग्लैंड के दौरे पर है, वो पांच मुकाबले खेलकर वापस आ जाएगी। वहीं अगले साल जो टीम जाएगी,वो वहां पर टेस्ट मैच नहीं खेलेगी। अभी की टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है, इसलिए इसकी अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। अभी जो तीन मैच इस दौरान खेले गए हैं, उसमें से दो मैच इंग्लैंड और एक भारतीय टीम ने अपने नाम किया है। अब बचे हुए दो मैचों से ही तय होगा कि सीरीज किस ओर जाएगी।

### भारत बनाम इंग्लैंड टी 20 सीरीज का शेड्यूल

1 जुलाई : पहला टी20 मैच
4 जुलाई : दूसरा टी20 मैच
7 जुलाई : तीसरा टी20 मैच
9 जुलाई : चौथा टी20 मैच
11 जुलाई : पांचवां टी20 मैच

### भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज का शेड्यूल

14 जुलाई : पहला वनडे मैच
16 जुलाई : दूसरा वनडे मैच
18 जुलाई : तीसरा वनडे मैच

## दिव्या ने रचा इतिहास,फिडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025।** भारत की दिव्या देशमुख ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए, बुधवार रात जॉर्जिया के बटुमी में स्न्द्धष्ठश्च महिला विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल के दूसरे गेम में चीन की टैन झोंगयिन को मात देकर फाइनल में जगह पक्की की और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय बनीं। इस जीत का मतलब था कि दिव्या ने अगले साल होने वाली प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स चैंपियनशिप में जगह बना ली,साथ ही उन्होंने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म (जीएम खिताब हासिल करने के लिए तीन नॉर्म आवश्यक) भी हासिल कर लिया। मंगलवार को पहला गेम ड्रॉ होने के बाद, भारतीय शतरंज स्टार ने सेमीफाइनल में 1.5-0.5 से जीत दर्ज की। देशमुख ने झोंगयि की एक गलती का फायदा उठाकर दो मोहरों की बढ़त हासिल की और फिर रानियों का आदान-प्रदान किया। थोड़ी देर अपनी स्थिति में गड़बड़ी करने के बाद, देशमुख ने शुरुआती ब्लूज़ से उबरकर अपनी बढ़त हासिल करने में अपनी कुशलता दिखाई और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उसके बाद उन्होंने इसे काफी अच्छी तरह से बरकरार रखा। टिंगजी ने अंततः अपने प्रतिद्वंद्वी के रूक अप करने के बाद हार मान ली। इस जीत के साथ, देशमुख ने 2026 में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल कर लिया, साथ ही अपना पहला ग्रैंड मास्टर नॉर्म भी हासिल कर लिया।



## पीवी ने मियाज़ाकी को हराया, उन्नति ने गिल्मर को हराया

**नई दिल्ली,24 जुलाई 2025।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने बुधवार को यहाँ चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी जापान की तोमोका मियाज़ाकी को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने 2022 की विश्व जूनियर चैंपियन मियाज़ाकी को 62 मिनट में 21-15, 8-21, 21-17 से हराया। सिंधु ने कहा,यह मेरे लिए एक बहुप्रतीक्षित जीत थी। पहला राउंड मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। यह तीन गेम (मुकाबला) था और तीसरे सेट में भी, मेरे लिए शुरुआत से ही बढ़त बनाना महत्वपूर्ण था क्योंकि एक टीम बहुत पिछड़ रही थी। शुरुआत तो बहुत अच्छी रही, लेकिन दूसरे गेम में मेरे लिए इसे नियंत्रित करना मुश्किल था। और तीसरे गेम में, यह ज़रूरी था कि मैं बढ़त बनाऊँ और उसे बरकरार रखूँ। मेरे लिए ये मैच जीतना ज़रूरी था ताकि इससे मेरा मनोबल बढ़े और आत्मविश्वास भी बढ़े। क्योंकि कभी-कभी मैं जीत के करीब पहुँच जाती हूँ, फिर भी हार जाती हूँ। मुझे इसी लय को जारी रखना होगा और आगे बढ़ते रहना होगा।÷ हैदराबाद की 30 वर्षीय खिलाड़ी अब साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से भिड़ेंगी, जिन्होंने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में दो सुपर 100 खिताब जीते हैं।





## राहुल और जायसवाल ने बेहतरीन डिफेंसिव तकनीक दिखाईः मांजरेकर

**मुंबई,24 जुलाई 2025।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने बताया कि ओपनर केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने चौथे टेस्ट के पहले दिन सुबह के सत्र में शानदार डिफेंसिव तकनीक और मजबूत मानसिकता का प्रदर्शन किया। पांच मुकाबलों की सीरीज का यह मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जा रहा है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 94 रन जोड़े, जिससे भारत को इस अहम मुकाबले में मजबूत शुरुआत मिली। यह मैच भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रॉफी जीतने के लिए उसे सीरीज के शेष दोनों मुकाबले अपने नाम करने होंगे।

## सूर्या के प्रशंसकों को मिला तोहफा

### वेंकी एटलुरी द्वारा निर्देशित सूर्या46 से फर्स्ट लुक जारी

अपनी बहुमुखी और प्रभावशाली अदाकारी के लिए मशहूर सूर्या आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उनके प्रशंसक इसे किसी त्यौहार की तरह मना रहे हैं और सूर्या को हर तरफ से शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है। इस बीच, उनकी आने वाली फिल्मों के निर्माताओं ने उनके फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करके प्रशंसकों को खुश कर दिया है। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित उनकी आगामी फिल्म करुप्पु का फर्स्ट लुक और टीजर पहले ही जारी हो चुका है। इसके अलावा, सबकी निगाहें वेंकी अटलुरी के साथ उनके आगामी प्रोजेक्ट पर टिकी हैं। यह फिल्म सूर्या की पहली तेलुगु फिल्म है और इसे तेलुगु और तमिल दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जाएगा। निर्माताओं ने सूर्या का जन्मदिन फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करके मनाया।फर्स्ट लुक पोस्टर में,सूर्या बेहद खूबसूरत,आकर्षक और स्टाइलिश लग रहे थे,जिससे उनके शुरुआती दिनों की यादें ताज़ा हो गईं। फिल्म में ममिता बैजू मुख्य भूमिका में हैं और संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। फिल्म का निर्माण नागा वामसी और साई सौजन्या ने सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज़ के बैनर तले किया है।



## शर्मनाक बात है,जाह्नवी कपूर ने रिसेप्शनिस्ट से मारपीट मामले पर दी प्रतिक्रिया, वायरल वीडियो देख हुईं आग बबूला

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अक्सर देश-दुनिया के मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। वह सोशल मीडिया काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन किसी न किसी ट्रेंडिंग या हॉट टॉपिक पर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए अपने विचार शेयर करती रहती हैं। हाल ही में, उन्होंने ठाणे की उस चौंकाने वाली घटना पर प्रतिक्रिया दी और इसक मामले की कड़ी निंदा की, जहां एक व्यक्ति ने एक क्लिनिक में रिसेप्शनिस्ट के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। दरअसल, मुंबई के पास कल्याण में एक रिसेप्शनिस्ट पर एक व्यक्ति ने हमला किया और जमीन पर पटककर पीटा। एक्ट्रेस ने जो वायरल वीडियो शेयर किया है। उसमें गोकुल झा नाम के व्यक्ति को रिसेप्शनिस्ट को लात मारते, बालों से घसीटते और फिर जमीन पर पटकते हुए दिखा जा सकता है।

### जाह्नवी कपूर ने ठाणे की चौंकाने वाली घटना की निंदा की

कल्याण के एक निजी अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने वाली 25 वर्षीय महिला पर एक व्यक्ति ने तब हमला किया जब उसने उसे बिना अपॉइंटमेंट के डॉक्टर के कमरे में घुसने से मना कर दिया। सोशल मीडिया पर अब ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गोकुल झा नाम के इस व्यक्ति को रिसेप्शनिस्ट के बाल पकड़कर खींचते हुए अस्पताल के रिसेप्शन एरिया में मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। वायरल वीडियो देखने के बाद जाह्नवी ने आरोपी की कड़ी आलोचना की और सरकार से उसे सजा देने की मांग की। इस भयावह वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने लिखा, इस आदमी को जेल में होना चाहिए। कोई भी ऐसा व्यवहार कैसे कर सकता है जो शायद उन्हें ठीक लगता है? उसे क्या लगता है कि वह इस तरह किसी पर हाथ उठा सकता है? किस तरह की परवरिश मिली है आपको... यह जानने के बाद कि आपका दिमाग ऐसे ही काम करता है, आप खुद के साथ कैसे रहते हैं? कितनी शर्म की बात है और हमें भी शर्म आती है कि हम इस तरह के व्यवहार को कई बार अनदेखा कर देते हैं। ऐसे व्यक्ति को सजा मिलनी चाहिए इस बीच, जाह्नवी के काम की बात करें तो वह फिल्म होमबाउंड की वजह से चर्चा में है, जिसमें ईशान खट्टर और विशाल जेठवा भी हैं। जाह्नवी, सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ रोमांटिक कॉमेडी परम सुंदरी में भी नजर आएंगी। इसके अलावा, वह वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में भी नजर आएंगी। यह फिल्म जो पहले सितंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी। अब 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## ट्रेलर डेट अनाउंस,विजय देवरकोंडा फिर लाएंगे एक्शन का तूफ़ान

विजय देवरकोंडा अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन से भरपूर फिल्म किंगडम के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता को कथित तौर पर डेंगू के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हाल ही में उन्हें छुट्टी मिली है और वे ठीक हो रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वह काम पर वापस आ गए हैं। हाल ही में, विजय ने ट्रेलर रिलीज़ की घोषणा के साथ किंगडम से एक नया दिलचस्प पोस्टर जारी किया। यह 31 जुलाई को फिल्म की नाटकीय रिलीज़ से पहले आया है। टीज़र के अनावरण ने पहले ही प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है और इस खबर ने फिल्म के लिए और भी अधिक प्रत्याशा पैदा कर दी है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर ले जाते हुए, विजय देवरकोंडा ने एक पोस्टर के माध्यम से प्रशंसकों को अपने चरित्र की एक नई झलक दिखाई। इसके साथ ही, उन्होंने ट्रेलर की तारीख का खुलासा किया, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। छवि में, विजय को जेल में हाथों में हथकड़ी के साथ देखा जा सकता है। इससे पहले, टीज़र ने विजय को एक पुलिस वाले की भूमिका में पेश किया ट्रेलर 26 जुलाई को रिलीज़ होगा। विजय के अलावा, फिल्म में भाग्यश्री बोरसे और सत्यदेव भी हैं।



## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें


### डिप्टी सीएम अरुण साव ने गेड़ी का लिया आनंद



रायपुर,24 जुलाई 2025(ए)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नवा रायपुर स्थित शासकीय निवास पर आज सुबह से हरेली की धूम रही। उन्होंने सपरिवार हल और कृषि औजारों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गौमाता को आटे की लोंदी और गुड़ खिलाया। उन्होंने गेड़ी का भी आनंद लिया। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक रोहित साहू और मोतीलाल साहू भी हरेली पर्व में शामिल हुए। हरेली पर उप मुख्यमंत्री साव के निवास पर चहुंओर छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोक जीवन और खानपान की झलक दिखी। उन्होंने हरेली पर्व में शामिल होने अपने निवास पहुंचे सभी लोगों का परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों चौसेला,गुलगुल भजिया,बरा,टमाटर की चटनी और भजिया खिलाकर स्वागत व आवभगत किया। उन्होंने हरेली पर अपने निवास में शीशम का पौधा लगाया।

### बीमा से इंकार का प्रपत्र नहीं भरा तो जबरिया फसल बीमा की अनोखी योजना लागू

रायपुर,24 जुलाई 2025(ए)। आज तक तो बीमा कराने के इच्छुकों द्वारा आवेदन करने पर ही बीमित किये जाने की जानकारी मिली है पर पहली बार फसल की



बीमा न कराने के इच्छुक? ऋणी किसानों द्वारा इस संबंध में नियत तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र न भरने पर जबरिया फसल ?बीमित करने का अनोखा योजना सामने आया है। सोसायटियों के माध्यम से अल्पकालीन ऋण लेने वाले किसानों द्वारा पूर्व में इस संबंध में भरे जा चुके फ़ार्मों को दरकिनार कर खेती के इस व्यस्ततम मौसम में किसानों को सोसायटियों में पहुंच यह प्रपत्र भरना पड़ रहा है।

### छत्तीसगढ़ में 1227 व्याख्याताओं को पदोन्नति, काउंसलिंग से होगी पदस्थापना




रायपुर,24 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने 23 जुलाई को विभिन्न विषयों के 1227 व्याख्याता (टी संवर्ग) शिक्षकों के लिए पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। इन पदोन्नत व्याख्याताओं की पदस्थापना काउंसलिंग के माध्यम से की जाएगी। जिन प्रमुख विषयों के शिक्षकों को पदोन्नति मिली है, उनमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत,गणित, भौतिकी,रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान,राजनीति शास्त्र,इतिहास,भूगोल,अर्थशास्त्र और वाणिज्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशों पर,राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार और शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए तेज़ी से फ़ैसले ले रही है। यह निर्णय सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि राज्य के शिक्षकों को उनके कार्य, वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर समय पर पदोन्नति और अवसर मिलें।

### टीचर बहू के साथ मारपीट, ससुराल वाले गिरफ्तार



कोरबा,24 जुलाई 2025(ए)। जिले से एक शिक्षिका के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पारिवारिक विवाद के चलते पति ने पत्नी और बेटी के साथ मारपीट की है। घटना 20 जुलाई की है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला बालको थाना क्षेत्र के शांति नगर का है। पीड़िता का आरोप है कि पति शांति कुमार कश्यप (39) उन्हें साथ रखने को तैयार नहीं है। घर जाने पर अक्सर बेवजह विवाद और लड़ाई-झगड़ा करता है। घटना वाले दिन भी सुबह 11:30 बजे पीड़िता अपने बच्चों के साथ पति के घर गई थी। शांति कुमार कश्यप उस समय बालको प्लांट में ड्यूटी पर था। यह भी आरोप है कि घर पहुंचने पर सास मालती कश्यप और ससुर रघुनाथ कश्यप ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पति घर पहुंचा था,तो उसने पत्नी साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बच्चे मम्मी को मत मारो चिल्लाते रहे। लेकिन पिता का दिल नहीं पसीजा। इतनी ही नहीं उसने अपनी बड़ी बेटी के साथ भी मारपीट की।

# हरेली त्योहार का हर्षोल्लासपूर्ण माहौल रहा

## छत्तीसगढ़ की संस्कृति में सजीव और निर्जीव सभी के प्रति सम्मान और आभार की भावना:सीएम साय

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कर रहा है ऐतिहासिक प्रगतिः डॉ. रमन सिंह**

» **किसानों की खुशहाली और हरियाली का उत्सव बना मुख्यमंत्री निवास का हरेली तिहार आयोजन**



रायपुर,24 जुलाई 2025 (ए)। रायपुर सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज हरेली पर्व का गरिमामय आयोजन हुआ। त्यौहार मनाने के लिए पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय है। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति और खेती-किसानी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमें अपने मूल से जोड़ता है। आज पूरा छत्तीसगढ़ हरेली की खुशी में डूबा है। मुख्यमंत्री निवास में भी यह पर्व पूरे उल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक हरेली को मनाने का अपना-अपना अंदाज है। लेकिन सभी जगह इसका रंग एक ही है, आस्था और उत्साह एक ही है। जिस तरह प्रकृति हमारा ख्याल रखती है, उसी तरह हमें भी प्रकृति का ख्याल रखना चाहिए। हरेली केवल खेती-किसानी का त्यौहार नहीं है,बल्कि यह अपनी धरती की हरियाली और प्रकृति पूजा का भी त्यौहार है। छत्तीसगढ़ महतारी की कृपा हम सब पर बरसाती रहे और सभी किसान भाई खुशहाल रहें। यही मंगल कामना है उन्होंने कहा कि श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तय कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। हम सभी ने 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का सपना देखा है और इसके लिए हमने अपना विजन डॉक्यूमेंट भी बनाया है। हमारी सरकार राज्य से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रयास कर रही है। हरेली त्योहार पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और किसान जीवन का उत्सव है। इस पावन अवसर पर मैं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह त्योहार प्रकृति,कृषि और पशुधन से जुड़े हमारे जीवन मूल्यों की गूंज है। उन्होंने कहा कि ऐसा विश्वास है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती स्वयं धरती पर आकर किसानों के बीच उपस्थित होते हैं और उनके खेतों का निरीक्षण करते हैं। यही कारण है कि इस दिन किसान अपने कृषि यंत्रों, हल-बैल और खेत-खलिहानों की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ कृषि के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति कर रहा है। किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीद और विभिन्न योजनाओं में 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। यह हिंदुस्तान में किसी भी राज्य द्वारा किसानों के लिए किया गया सबसे बड़ा कार्य है। यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ में एक ऐसा मुख्यमंत्री है, जो केवल घोषणाएं नहीं करता, बल्कि धरातल पर किसानों के पसीने की कीमत चुका रहा है।



### छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खुशबू से सराबोर हरेली तिहार

» **छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्वादों से सजी रही पारंपरिक थाली**

» **ठेठरी,खुरमी,पिडिया,अनरसा,खाजा,करी लड्डू, मुठिया,गुलगुला भजिया,चीला-फरा,बरा और चौसेला में जीवंत की छत्तीसगढ़ी पाक शैली**

छत्तीसगढ़ की धरती पर जब भी कोई त्योहार आता है,तो वह केवल धार्मिक या सांस्कृतिक उत्सव भर नहीं होता, बल्कि वह जीवनशैली,परंपरा,स्वाद और सामाजिक सौहार्द का पर्व बन जाता है। इसी श्रृंखला में प्रदेश के प्रमुख कृषि पर्व हरेली तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निवास में पारंपरिक स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। प्रदेश की अतुलनीय पाक परंपरा को जीवंत करते हुए यहां आगंतुकों के स्वागत के लिए विशेष रूप से ठेठरी, खुरमी,पिड़िया,अनरसा,खाजा,करी लड्डू,मुठिया,गुलगुला भजिया, चीला-फरा, बरा और चौसेला जैसे दर्जनों पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। बांस की सूप, पिटारी और दोना-पत्तल में परोसे गए इन व्यंजनों ने न केवल स्वाद,बल्कि प्रस्तुतीकरण में भी लोकजीवन की आत्मा को उजागर किया। अतिथियों ने गर्मागर्म पकवानों का स्वाद लेते हुए राज्य की पारंपरिक पाककला की मुक्तकंठ से सराहना की।

## उपराष्ट्रपति पद के लिए छत्तीसगढ़ से डॉ. रमन सिंह और रमेश बैस के नाम को लेकर अटकलें

**पार्टी के अंदरूनी तहखानों एवं सत्ता के गलियारों में तरह-तरह की चर्चा**

रायपुर,24 जुलाई 2025(ए)। भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ द्वारा त्याग पत्र देने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने संभावित प्रत्याशियों की तलाश शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ में उप राष्ट्रपति पद के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के नाम के भी चर्चा इस समय पार्टी के अंदरूनी तहखानों एवं सत्ता के गलियारों में चल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार उप राष्ट्रपति द्वारा अचानक अपने कार्यकाल समाप्त होने के पहले इस्तीफा दिए जाने के बाद तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। इधर देश के प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर गए हुए हैं। उनके लौटने के बाद ही प्रत्याशी तय किया जाएगा। इधर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोई भी प्रत्याशी अधिकृत रूप घोषित नहीं किया है, जिसके कारण अटकलों का दौर शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे हैं,



भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह का आशीर्वाद प्राप्त है। वे प्रधानमंत्री मोदी के काफी नजदीकी है, वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा का संचालन कुशलतापूर्वक कर रहे हैं। पार्टी के आदर्शों सिद्धांतों का पालन अच्छी तरह से कर रहे हैं। वहीं पूर्व राज्यपाल रमेश बैस भी लंबे अरसे से सांसद रहे वे संसदीय परंपराओं और नियमों का ज्ञान रखते हैं। वे भी पार्टी हाईकमान और मोदी के करीबी माने जाते हैं। फिलहाल वे राज्यपाल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पार्टी से जुड़े हुए हैं।

#### चुनावी अंक गणित

सीईओ कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार उपराष्टपति पद के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारियां शुरू हो गई है। लोकसभा और राज्यसभा में 786 सदस्य उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे, जीत के लिए 394 सीट जरूरी है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार इस चुनाव में विधायकों की कोई भूमिका नहीं होती है, सिर्फ राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य ही इसका निर्वाचन करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव आयोग द्वारा शीघ्र ही नोटिफिकेशन जारी कर किया जाएगा। इसके पश्चात चुनाव की तिथि घोषित कर दी जाएगी। यदि विपक्ष कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं करता तो भाजपा समर्थित प्रत्याशी निर्विरोध चुना जाएगा।

#### प्रत्याशियों को लेकर अटकले शुरू

उप राष्टपति पद के लिए मंथन शुरू हो गया है। बिहार और पश्चिम बंगाल चुनाव को ध्यान में रखते हुए यहां से किसी दमदार नेता को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। देश के प्रधानमंत्री इस समय बाहर गए हुए हैं। भाजपा ऐसे प्रत्याशी को खोजने की कवायदकर रही है, जो विपक्षियों को बैकफुट में डाल दें। वर्तमान में उपाध्यक्ष हरबंश बिहार से तालुकात रखते है, बिहार से जिन लोगों की नाम की चर्चा है,उसमें नितिश कुमार भी है, फिलहाल छत्तीसगढ़ में इस बात की चर्चा है कि छत्तीसगढ़ से किसी को प्रत्याशी बनाया जाएगा, उसको लेकर सत्ता गलियारों और अंदरूनी तहखानों में तरह-तरह का चर्चा व्याप्त है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत एवं सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का नाम भी चर्चा में है। इसमें केवल सांसद ही मतदान करेंगे। उम्मीद्वार को कम से कम 20 सांसदों द्वारा प्रस्तावक एवं समर्थक के रूप में नामांकन दाखिल करना होगा। इसमें प्रत्याशियों को प्राथमिकता के आधार पर टिक मार्क करना होगा।

## अब पुरानी गाड़ी बेचना भी महंगा सौदा

» **हर बार नाम ट्रांसफर पर लगेगी फीस...**

» **देना होगा आधा से एक फीसदी शुल्क...**

रायपुर,24 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में वाहन मालिकों को अब अपनी पुरानी गाड़ियों की बिक्री या नामांतरण (ट्रांसफर) के समय पहले से ज्यादा खर्च उठाना पड़ेगा। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान नियम विधेयक 2025 के तहत नया कर प्रावधान लागू कर दिया है, जिससे प्रत्येक वाहन के ट्रांसफर पर सरकार को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

#### गैर-परिवहन और परिवहन वाहनों पर अलग-अलग टैक्स

गैर-परिवहन वाहनों जैसे कार और बाइक की बिक्री या नामांतरण पर अब वाहन की रजिस्ट्रेशन कीमत का 1 प्रतिशत टैक्स देना होगा। वहीं, परिवहन वाहनों जैसे ट्रक, बस आदि पर यह टैक्स 0.5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। उदाहरण के लिए, यदि किसी कार की रजिस्ट्रेशन कीमत 10 लाख है, तो हर बार ट्रांसफर पर 10,000 का टैक्स देना होगा।

#### निर्माण कार्यों में लगे वाहनों पर लाइफटाइम टैक्स

राज्य सरकार ने निर्माण कार्यों में इस्तेमाल



होने वाले विशेष वाहनों पर अब मासिक या त्रैमासिक टैक्स की जगह लाइफटाइम टैक्स लागू कर दिया है। इसमें शामिल हैं लोडर, डंपर, मोबाइल क्रेन, बेकहो लोडर, अन्य निर्माण मशीनें। इन वाहनों के मालिकाना हक में बदलाव होने पर भी सरकार को वाहन के मानक मूल्य का 0.5 प्रतिशत ट्रांसफर टैक्स मिलेगा।

#### कानून हुआ पास,सरकार को होगा राजस्व लाभ

यह संशोधन विधेयक विधानसभा से पारित हो चुका है और इसका उद्देश्य राज्य के परिवहन और निर्माण क्षेत्र से स्थायी व पारदर्शी टैक्स वसूली सुनिश्चित करना है।

#### सरकार को मिलेगा हर ट्रांजेक्शन पर लाभ

नई व्यवस्था के तहत, कोई भी वाहन जितनी बार भी खरीदा या बेचा जाएगा, हर बार सरकार को निर्धारित प्रतिशत के हिसाब से टैक्स मिलेगा। इससे राज्य की आय में नियमित बढ़ोतरी होगी,टैक्स प्रणाली अधिक पारदर्शी बनेगी,हर वाहन की बिक्री से राजस्व अर्जन सुनिश्चित होगा।

## पुल बहने से अमरकंटक जाने वाले राहगीर फंसे

पेंड्रा,24 जुलाई 2025(ए)। पेंड्रा इलाके में भारी बारिश के कारण नेशनल हाईवे पर आवागमन बंद हो गया है। खासकर केवची और पीपरखुटी के बीच कौहा नाला में बने दोनों डायवर्शन पुल बह गए हैं। इस कारण पेंड्रा-केवची-अमरकंटक और अमरकंटक-केवची-बिलासपुर मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। अमरकंटक से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालु केवची में फंस गए हैं। वर्तमान में श्रद्धालुओं और यात्रियों के पास अचानकमार टाइगर रिजर्व वाला रास्ता बचता है लेकिन इस मार्ग पर आवागमन प्रतिबंधित है। प्रशासन और संबंधित अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और मार्ग को जल्द से जल्द बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। केवची और पीपरखुटी के बीच कौहा नाला में



पुलों के बह जाने से आवागमन पूरी तरह से ठप है। अमरकंटक से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालु केवची में फंस गए हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व वाला रास्ता एक विकल्प है लेकिन इस पर आवागमन प्रतिबंधित है। वहीं इसके पहले भी इस जगह पर बारिश की शुरुआती दौर में ही डायवर्सन पुल बह गया था और आवागमन भी बंद हो गया था। इसमें नेशनल हाईवे के ठेकेदार और नेशनल हाईवे अधिकारियों इंजीनियर और एसडीओ की लापरवाही की बात भी सामने आ रही है जिन्होंने बारिश के मद्देनजर भी सड़क बनाने के पहले कोई वैकल्पिक मार्ग का निर्माण नहीं किया और अब बार-बार इसी इलाके में आवागमन बंद हो रहा है। वही बिलासपुर से अमरकंटक जाने के लिए अब लोगों को काफी लंबा सफर तय करना पड़ेगा।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को नहीं दे सकते जमानत : हाईकोर्ट

बिलासपुर,24 जुलाई 2025 (ए)। हाईकोर्ट ने सीजी-पीएससी भर्ती घोटाले में एग्जाम कंट्रोलर सहित तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है. मामले में जस्टिस बीडी गुरु ने कहा कि 'जो प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करता है, वह लाखों युवाओं के भविष्य से खेलता है, यह कृत्य हत्या से भी गंभीर अपराध है. प्रश्नपत्र लीक कर पीएससी जैसी प्रतिष्ठित संस्था को शर्मसार किया है. मामले के आरोपी बाड़ द्वारा फसल खाने जैसा उदाहरण हैं.'बता दें, कि सीजी-पीएससी 2020 में बड़े पैमाने



पर अनियमितता हुई. जिस पर पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने सवाल उठाते हुए मामले में जनहित याचिका लगाई. याचिका में बताया गया, कि कैसे अफसर और कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदारों को चयनित किया गया, और डिप्टी कलेक्टर जैसे पद दिए गए हैं. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भी टिप्पणी करते हुए कहा था कि एक साथ इस तरह से रिश्तेदारों का चयन इत्तेफाक नहीं हो सकता. हाईकोर्ट ने भर्ती की जांच के आदेश भी दिए. राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ तब इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की. फिर बाद में मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया. सीबीआई की जांच में पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह के इशारे पर बड़े पैमाने पर प्रश्न पत्र लीक किए जाने का खुलासा हुआ

### प्रो. वीके सारस्वत बने पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के नए कुलपति

**घनश्याम तिवारी ने दी शुभकामनाएँ...**

बिलासपुर,24 जुलाई 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति हुई है। डॉ. भीमराव



आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में प्रोफेसर रहे डॉ. वीके सारस्वत को पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर का नया कुलपति बनाया गया है। यह नियुक्ति राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रमेन डेका द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 9(1) के तहत की गई है।



### पुलिस हिरासत में मौत के मामले में टीआई समेत 4 को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया हाईकोर्ट ने...

बिलासपुर,24 जुलाई 2025(ए)। हिरासत में लिए गए युवक की मौत के मामले में टीआई,दो आरक्षक एवं एक सैनिक को जस्टिस संजय के अग्रवाल एवं जस्टिस दीपक कुमार तिवारी की डीबी ने गैरइरादतन हत्या का दोषी पाया है। कोर्ट ने आरोपियों को निचली अदालत से सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को 10 वर्ष के कठोर कारावास में बदल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले के मुलमुला थाने की पुलिस को 17-9-2016 को देवेंद्र कुमार साहू ऑपरेटर, सीएसपीडीसीएल, विद्युत उपकेंद्र, नरियरा ने सूचना दी कि सतीश नोरगे निवासी ग्राम नरियरा, उपकेंद्र नरियरा में शराब पीकर उपद्रव कर रहा है। जिसे रोज़नामचा में दर्ज किया गया। इसके बाद तत्कालीन थाना प्रभारी जे.एस. राजपूत कांस्टेबल दिलहरन मिरी और सुनील ध्रुव को साथ लेकर उप-स्टेशन नरियरा पहुँचे। उन्होंने देखा कि सतीश नोरगे नशे की हालत में है और उसके मुँह से शराब की अत्यधिक गंध आ रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)